डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
02 नवम्बर 2023 गुरुवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो







## केजरीवाल ने मप्र की उड़ान भरी ईडी के समक्ष पेश होने से इंकार

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के मामले में तलब किये गये दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष आज पेश होने से मना कर दिया है। केजरीवाल को पिछले दिनों नोटिस भेजा गया था। उन्होंने ईडी को जवाब लिखकर जांच एजेंसी के नोटिस को राजनीति से प्रेरित और गैर कानूनी बताया है। दरअसल, ईडी शराब नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की जांच कर रही है। चर्चा है कि जांच एजेंसी ने केजरीवाल को तलब करने से पहले सबूतों को इकट्ठा किया है। इस मामले में जांच एजेंसी पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं केजरीवाल की पेशी से पहले आप सरकार के एक और मंत्री राजकुमार आनंद के यहां ईडी ने रेड डाली है। हालांकि, ये छापेमारी कस्टम केस जुड़े मामले में हुई। वहीं केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान आज मध्यप्रदेश के सिंगरौली में चुनावी रोड शो कर रहे हैं।



केजरीवाल को ईडी के समन पर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, ये बात देश ही नहीं पूरी दुनिया देख रही है कि केंद्र सरकार सत्ता के नशे में चूर है. उन्हें इतना घमंड हो गया है कि वो हर छोटे दल को कुचलना और मसलना चाहते हैं. आप एक बढ़ती हुई राष्ट्रीय पार्टी है और बीजेपी सरकार इसे कुचलने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है।

## अमेरिका से आई खबर और कुलांचे भरने लगे सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली एजेंसी।** इजरायल-हमास जंग के बीच कई दिनों से बेनूर हो रहे शेयर बाजार सिलसिला गुरुवार तक थमा हुआ नजर आया मगर अमेरिका से एक खबर आने के बाद स्टॉक मार्केट में तूफानी तेजी आई और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला इंडेक्स सेंसेक्स उछलकर 500 अंकों से ज्यादा चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एकस्चेंज के निफ्टी भी रॉकेट की रफ्तार से भागा। बताया जाता है कि यूएस फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया है। इसके चलते भारतीय शेयर बाजार में सुबह र मार्केट की शुरुआत हरे रंग पर हुई। सेंसेक्स 64,084.92 के लेवल पर ओपन हुआ और कुछ ही मिनटों में 64,200 के लेवल को पार कर गया। निफ्टी भी 151.50 अंकों की बढ़त के साथ 19,140.70 के स्तर पर पहुंच गया था।



## राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार

**नई दिल्ली एजेंसी।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की है। केरल सरकार का आरोप है कि राज्यपाल कई विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे हैं। राज्यपाल के पास आठ विधेयक लंबित हैं, जिन्हें राज्य विधानसभा ने पारित कर दिया है। याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी के लिए विधेयक भेजे गए थे लेकिन राज्यपाल उन्हें मंजूरी नहीं दे रहे हैं। आरोप है कि तीन विधेयक बीते दो सालों से राज्यपाल के पास लंबित हैं। केरल सरकार ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल को निर्देश दे कि वह समय से विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी दें। याचिका के अनुसार, सभी विधेयकों को समय से मंजूर करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करने के लिए राज्यपाल बाधित हैं ताकि लोगों के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू हो सकें। यह भी आरोप लगाया गया है कि राज्यपाल अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहे हैं।



### नामांकन वापसी का काउंट-डाउन जारी, शाम तक मैदानी तस्वीर होगी साफ

# भाजपा और कांग्रेस मान रहीं हर कसूर बागियों से कह रहीं मान जाइए हुजूर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में विधानसभा चुनाव के नजरिये से आज का दिन महत्वपूर्ण बन गया है। दोपहर तक नामांकन वापसी का मौका है और भाजपा व कांग्रेस ने अपने बागियों,निर्दलीयों व संभावित खतरा बन सकने वाले उम्मीदवारों को मनाने और नाम वापस लेने के लिये पूरी ताकत झोंकी हुई है। कांग्रेस करीब डेढ दर्जन सीटों पर और भाजपा दो दर्जन सीटों पर आखिरी वक्त तक कोशिशें कर रही है। देर रात तक भी दोनों दलों के वाररूम में यह सिलसिला चलता रहा। टिकट नहीं दे पाने की मजूरी बताते हुए दोनों दल बागियों को साधने में जुटी है। भोपाल की हुजूर समेत कुछ सीटें ऐसी हैं, जहां निर्दलीय उम्मीदवार दोनों के लिये असमंजस पैदा कर रहे हैं। इनमें भोपाल की हुजूर सीट काफी चर्चित है। यहां से निर्दलीय खम ठोक रहे जितेंद्र डागा को मनाने के लिये दोनों पार्टी के उम्मीदवारों ने कल से ताकत झोंक रखी है। डागा एक बार भाजपा के विधायक रह चुके हैं और बीते पांच साल से कांग्रेस में हैं तथा टिकट के दावेदार थे। बताया जाता है कि आज शाम तक बागी नहीं मानें तो कल से इनके खिलाफ दोनों दलों ने कड़ी कार्रवाई की भी तैयारी कर रखी है।




जानकार सूत्रों का दावा है कि भाजपा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाल के तीन दिन के दौरे के बाद मप्र में बागियों के सुर बदले हैं लेकिन अभी भी वे करीब सोलह सीटों पर सीधा खतरा बने हुए हैं। इसके अलावा विंध्य और महाकोशल समेत कुछ अंचलों में बगावत या भितरघात के संकेत भी पार्टी को परेशान कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के डेढ दर्जन नाम ऐसे हैं जो पीछे हटने से लगातार इंकार कर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस का दावा है कि आज दोपहर बाद जब नामवापसी का दौर खत्म होगा तब तक स्थिति में काफी बदलाव आ जाएगा। कल दिनभर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने बागियों को मनाने के लिये ताकत लगाई।



**90 से ज्यादा बागी,मगर प्रभावी 40:** नामांकनों से संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश में करीब 80 से 90 विधानसभा सीटें हैं जहां बागियों ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फिर भी पार्टी के अंदरखाने मान रहे हैं कि करीब चालीस ऐसे हो सकते हैं जो चुनाव का समीकरण बिगाड़ें। इनके अड़े रहने की वजह यह भी है कि इन नेताओं में एक बड़ा वर्ग 70 के आसपास आयुवर्ग का है। ऐसे में वे हर हाल में इसी बार विधायक बनने के लिए जोर आजमाईश कर रहे हैं।

### विधायक के काफिले पर हमला

वहीं चित्रकूट विधायक और कांग्रेस उम्मीदवार नीलांशु चतुर्वेदी की गाड़ी पर देर रात अज्ञात लोगों ने हमला किया है। खबरों के मुताबिक मझगवा के पास विधायक की दो गाड़ियों पर पथराव से शीशे टूटे हैं लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। यह हमला सूनसान जगह पर किया गया

**शाह फिर ग्वालियर को साधने आएंगे:** चुनाव की कमान संभाल रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 नवंबर को ग्वालियर दौरा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि 8 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां आ सकते हैं। शाह ग्वालियर से पोहरी और करेरा क्षेत्र में जाएंगे। वे ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में इंटक मैदान पर आमसभा को भी संबोधित कर सकते हैं। उनका रात्रि विश्राम भी ग्वालियर में ही होगा। जबकि मोदी चंबल क्षेत्र में आम सभा को संबोधित करेंगे। सभा की संभावना मुरैना में बताई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि ग्वालियर चंबल संभाग की सीटों पर कांग्रेस के असर को खत्म करने के लिये भाजपा ने यहां ध्यान केंद्रित किया है।



**सपा, बसपा और आप बने पनाहगारः** भाजपा व कांग्रेस की चिंता यह भी है कि बागी होकर कई नेताओं ने निर्दलीय या सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी आदि से नामांकन फॉर्म जमा किए हैं। इनमें से ज्यादातर बागी ऐसे हैं जो जीत भले ही न सकते हों लेकिन अपनी पार्टी के भरपूर वोट काटने में सक्षम हैं।

## कमलनाथ का दावा- हमने दुखी लोगों को मना लिया

**इसी बीच कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने आज दावा किया कि नाराज नेताओं को मना लिया गया है और वे इस चुनाव में पार्टी का साथ देंगे। नाथ ने कहा कि जो लोग दुखी थे, उनसे हमने चर्चा की है और हमें पूरा विश्वास है कि वे कांग्रेस का साथ देंगे। कई सारे अपना नामांकन वापस लेंगे।**

### भोपाल उत्तर में अकील बने टेंशन, नासिर बोले-मैं चुनाव लड़ूंगा

भोपाल उत्तर में आतिफ अकील के सामने उनके ही चाचा आमिर अकील व कांग्रेस नेता नासिर इस्लाम के मैदान में डटे रहने से कांग्रेस परेशान है। इन्हें मनाने के प्रयास चल रहे हैं। पार्टी नरेला में भी यथासंभव 'चुनौतियों' को कम करने की कोशिश मे है। नासिर ने आज सुबह कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं ने उनसे संपर्क किया है लेकिन वे हर हाल में उत्तर क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। नासिर बोले वे बगावत नहीं कर रहे बल्कि जनता की भावना पर मैदान में उतर रहे हैं।

### इंदौर में भी कश्मकश

*इंदौर जिले की 9 विधानसभा सीटों में से कम से कम दो सीटें ऐसी हैं जहां बागी परिणाम को सीधे-सीधे प्रभावित कर सकते हैं। ये दोनों सीटें ग्रामीण क्षेत्र की हैं। देपालपुर में बागी प्रत्याशी की वजह से भाजपा की चिंता बढ़ी हुई है तो महू में बागी प्रत्याशी ने कांग्रेस को चिंता में डाल रखा है।*

**पैसा लेकर संसद में सवाल**

## एथिक्स कमेटी के सामने महुआ पेश देहाद्राई बोले- यह गंभीर मामला

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा आज संसद की एथिक्स कमेटी के सामने पेश हो गई हैं। एथिक्स कमेटी ने 31 अक्तूबर को महुआ को पेश होने को कहा था लेकिन टीएमसी सांसद ने अपने संसदीय क्षेत्र में पहले से तय कार्यक्रमों के चलते कमेटी के सामने पेश होने में असमर्थता जताई थी और 5 नवंबर के बाद कमेटी के सामने पेश होने की अपील की थी। हालांकि कमेटी ने महुआ मोइत्रा को 2 नवंबर को कमेटी के सामने पेश होने का निर्देश दिया। इससे पहले टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप लगाने वाले वकील जय अनंत देहाद्राई ने कहा है कि 'आरोप बेहद गंभीर हैं और इस मामले में सच बाहर आना चाहिए।'



**क्या बोले देहाद्राईः** सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'यह बेहद गंभीर मामला है और फिलहाल मामला संसद की एथिक्स कमेटी के सामने है। यह सही नहीं होगा कि मैं अभी इस पर कोई टिप्पणी करूं। मेरी विनती है कि सच बाहर आना चाहिए और मैं इसके अलावा कुछ नहीं चाहता।' देहाद्राई ने कहा 'यह कमेटी का अधिकार है कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं। ना तो मैं या कोई अन्य व्यक्ति यह नहीं बता सकता कि समिति को कैसे काम करना चाहिए।' बता दें कि महुआ मोइत्रा पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने संसद में अदाणी ग्रुप के खिलाफ सवाल पूछने के लिए बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से पैसे और महंगे उपहार लिए थे। हालांकि महुआ मोइत्रा ने आरोपों को खारिज कर दिया है लेकिन उन्होंने दर्शन हीरानंदानी के साथ अपने संसदीय लॉग इन पासवर्ड साझा करने की बात स्वीकार की।

**फोन हैंकिंग पर एपल से जवाब मांगा**

## केन्द्र सरकार का सवाल-हमला सरकार प्रायोजित था,इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंचे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** केंद्र सरकार ने आज एपल से पूछा, 'आप किस आधार पर इस नतीजे पर पहुंचे कि फोन को रिमोट से एक्सेस किया जाएगा, संवेदनशील डेटा लीक किया जाएगा? क्या आपके पास इसका सबूत है?'केंद्र सरकार ने विपक्षी नेताओं की ओर से आईफोन हैक करने के लिए 'सरकार प्रायोजित' हमले की कोशिश के आरोपों को लेकर आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल को सवाल भेजे हैं।

आईट मंत्रालय द्वारा एपल प्रतिनिधियों से से जो सवाल पूछे गए हैं उनमें एक सवाल यह भी पूछा गया है कि 'आप इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंचे कि हमला 'सरकार प्रायोजित' था?' विपक्ष के कुछ सांसदों ने मंगलवार को दावा किया था कि उन्हें एप्पल की ओर से हैकिंग की कोशिशों से संबंधित संदेश आया है. टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के अलावा कांग्रेस सांसद शशि थरूर, पवन खेड़ा और शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी अपने फोन में आए इस तरह के अलर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किए थे. वहीं आाप सांसद राघव चड्ढा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी के फोन पर भी ये अलर्ट आया है. उधर, AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी अपने फोन पर अलर्ट मिलने का दावा किया था। वहीं आज छग के सीएम भूपेष बघेल ने भी कहा कि उनका फोन कल आठ घंटे बंद रहा। इसकी भी जांच हो।



## बाइडेन बैकफुट पर, हमास ने कहा मौतों का बदला बंधकों से लेगा

**तेलअवीव , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस्राइल और हमास से जंग व भारी संख्या में फिलिस्तीनियों के मारे जाने के बाद अब निशाने पर आ गये हैं। इसके चलते उनका रुख भी थोड़ा नरम पडा है। उन्होंने अपील की है कि बंधकों की रिहाई और गाजा पट्टी में मानवीय मदद के लिए दोनों पक्ष कुछ समय के लिए लड़ाई रोकें। हालांकि बाइडन ने पूर्ण सीजफायर की बात नहीं की। दरअसल कई उदारवादी समूह, मुस्लिम समुदाय और अरब अमेरिकी लोग बाइडन के विरोध में स्वर तेज कर रहे हैं। क्योंकि बाइडन खुलकर इस्राइल का समर्थन कर रहे हैं, यही वजह है कि बड़ी संख्या में अमेरिका में लोग जो बाइडन की आलोचना करने लगे हैं। अब आलोचना का दबाव कहें या घरेलू राजनीति, जो बाइडन ने भी गाजा पट्टी में मानवीय मदद के लिए कुछ समय के लिए लड़ाई रोकने की अपील की है। दूसरी तरफ हमास के प्रमुख ने नई चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि गाजा में हमलों में जिस तरह से फलस्तीनी मारे जा रहे हैं, कुछ उसी तरह की मौत इस्राइली बंधकों को भी दी जा रही है।



# चौथी से आठवीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं स्थगित

## विधानसभा चुनाव के चलते आरएसके ने लिया निर्णय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) द्वारा नवंबर में शुरू होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने विधानसभा चुनाव के चलते यह निर्णय लिया है।

इस संबंध में निर्देश जारी किए गए है। संचालक ने कहा है कि प्रदेश की प्रारंभिक स्तर की कक्षा 4 से 8 के स्कूलों में अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2023-24 का आयोजन 6 से 16 नवंबर बीच किए जाने हेतु समय-सारिणी जारी की गई थी। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के बीच में 17 नवंबर को विधानसभा निर्वाचन की मतदान तिथि निर्धारित होने उक्त परीक्षा निरस्त की जाती है। अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन सत्र 2023-24 के आयोजन संबंधी समय-सारिणी शीघ्र जारी की जाएगी। बंता दें कि कि 5वीं-8वीं की इन अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के नंबर वार्षिक परीक्षाओं में जोड़ें जाएंगे।

## करवाचौथ


भोपाल। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह चौहान ने पूरे रीति रिवाज से करवाचौथ का पर्व मनाया।





## सुतली बम और चीनी पटाखों पर रहेगा सख्त प्रतिबंध

भोपाल । राजधानी में आतिशबाजी विक्रेता अब सुतली बम दुकान में नहीं रख सकेंगे न ही पटाखों का दुकान के बाहर परीक्षण कर सकेंगे। चीनी पटाखे भी नहीं बेचा जा सकेगा। दुकान में खाली खोखे और बारदाना रखने पर भी रोक लगा दी गई है। दुकानदारों को चीनी पटाखे नहीं बेचने संबंधी निर्देशों की सूचना दुकान के बाहर चस्पा करनी होगी। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने दिए हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट में थोक आतिशबाजी विक्रेताओं के साथ बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह विस्फोटक अधिनियम एवं नियम में दिए गए प्रविधानों का पालन करें। सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर लें। कलेक्टर ने निगम, प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थायी और अस्थायी दुकानों का सत्यापन करने के निर्देश भी दिए हैं।आतिशबाजी विक्रेताओं को 1500 केजी एवं 500 केजी की दो दुकानों के बीच 15 मीटर की दूरी रखना होगी। वहीं, 50 केजी आतिशबाजी दुकानों के बीच तीन मीटर की दूरी रखना आवश्यक है। विक्रेताओं द्वारा 125 डेसिबल से ज्यादा आवाज वाले पटाखों का विक्रय नहीं किया जाएगा। वह सुतली बम दुकान में न तो रखेंगे और न ही बेच सकेंगे। पटाखों के अलावा अन्य व्यवसाय भी नहीं किया जा सकेगा और यदि किया जा रहा है तो उसे बंद करना होगा।

# कचरा ट्रांसफर स्टेशन में मिली गंदगी तो लगाया 1000 रुपए का जुर्माना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कचरे से काम की सामग्री खोजने के दौरान लापरवाही बरतना कबाड़ीवाला नामक संस्था को भारी पड़ा है। निगम ने उक्त संस्था पर 1000 रुपये को जुर्माना ठोंका है और उक्त राशि वसूल भी कर ली है। असल में कबाड़ीवाला डाट काम के कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने निगम के कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर गंदगी फैलाई है। जिसके बदले निगम ने उक्त कार्यवाही की है।

उल्लेखनीय है कि आरिफ नगर कचरा ट्रांसफर स्टेशन में कबाड़ीवाला मटेरियल रिकवरी का काम करते हैं। इसके लिए उनके कर्मचारी लगे हुए हैं और निगम से बकायदा अनुबंध हुआ है। यहां पर अमले को गंदगी मिली थी। इस समय निगम आयुक्त प्रतिदिन वार्डो का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था देख रहे हैं। 21 जोनों की टीमें वार्डो में गश्त कर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर स्पाट फाइन कर रही हैं। इसी कड़ी में निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले ने बुधवार को आरिफ नगर कचरा ट्रांसफर स्टेशन में संचालित मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी में गंदगी पाए जाने पर कंपनी पर स्पाट फाईन किया।

## केवल फोटो खिंचवाती है टीम, रिकार्ड में उसे शामिल करती है और निकल जाती है

# साफ पानी के जमाव से डेंगू तो नाली और प्लाटों में भरे पानी से मलेरिया का खतरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नए से लेकर पुराने शहर के सभी इलाकों में डेंगू और मलेरिया का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मरीजों की संख्या बीते सीजन से दोगुनी हो चली है लेकिन निगम और मलेरिया विभाग के प्रयास वर्षों पुराने ही है। इनमें भी आधे से अधिक प्रयास महज खानापूर्ति बनकर रह गए हैं। जैसे फागिंग हुई है यह दिखाने की चिंता टीम के सामने ज्यादा है जिसके चलते टीम के लोग फागिंग से कोई हिस्सा छूट न जाए इस बात से ज्यादा चिंता इस बात की करते हैं कि फागिंग के दौरान फोटो जरूर लेना है क्योंकि ये फोटो रिकार्ड में शामिल करने होते हैं। इसी फोटो खींचाओ अभियान ने फाइलें तो मोटी कर दी लेकिन डेंगू–मलेरिया पैदा करने जैसी स्थिति को बढ़ा दिया है।

**निगम व मलेरिया विभाग के ये हाल:** अब तक डेंगू के 585 मरीजों की पहुंचान हो चुकी है तब भी निगम ने 10 मशीनें ही फागिंग के लिए निकलवाई हैं। अब अंदाजा लगाया जा सकता है कि 25 लाख से अधिक आबादी वाले शहर में इन मशीनों से कितने एरिये को कवर किया जाता होगा। हालांकि निगम के पास 12 मशीनें हैं लेकिन इनमें से दो बंद पड़ी है।

इनमें भी आधी से अधिक मशीनें तो हमेशा वीआईपी की डिमांड पर संबंधित क्षेत्रों में भेजी जाती है। तब आम आदमी की चिंता तो दूर की बात होती है।

### फागिंग के नाम पर कागजों में खानापूर्ति




### निगम अधिकारियों को यह नहीं दिखता

अशोकागार्डन हो या कोई और क्षेत्र, इन क्षेत्रों में खाली प्लाट है और उनमें अभी भी बारिश का पानी भरा हुआ है। इस पानी से डेंगू तो नहीं फैलता लेकिन मलेरिया समेत अन्य मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इन प्लाट मालिकों तक निगम अब तक नहीं पहुंच पाया है। प्रति वर्ष ये प्लांट आम लोगों की जान के दुश्मन बन जाते हैं। इस वर्ष भी यहीं हो रहा है।

### नालियां खुली, चेंबर चौक, मच्छर फैलने का यह भी कारण

***शहर की कई नालियां चोक है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां यह समस्या नहीं है। निगम के टोल फ्री और सीएम हेल्पलाइन पर भी इस तरह की समस्याएं आ रही है तब भी निगम इस दिशा में ध्यान नहीं दे पा रहा है।***

**एक ही रट, चुनाव है:** आम लोगों से जुड़ी छोटी–छोटी समस्याओं पर आम दिनों में अधिकारी ध्यान भी दे देते थे। कम से कम सीएम हेल्पलाइन की चिंता रहती थी लेकिन इन दिनों अधिकारियों के पास एक ही सधा–सधाया जवाब है। सामने चुनाव है, पहले वह काम प्राथमिकता के साथ करना है। फिर आपकी भी समस्या सुनेंगे, उसका निराकरण भी किया जाएगा।

### ये कमियां भी बना रही लोगों को बीमार

- जहां डेंगू की पुष्टि हो रही है उन्हीं क्षेत्रों में छिड़काव किया जा रहा है, बाकी जगह छिड़काव नहीं किया जा रहा है। जबकि शहर के कई क्षेत्र डेंगू संभावित है। छिड़काव का काम कर्मचारियों के भरोसे है, वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में यह होना चाहिए, जो कि नहीं किया जा रहा है।
- शहर में कई लोग बीमार पड़ रहे हैं। एम्स में कतार, जेपी व हमीदिया में ठीक से इलाज नहीं होने के चलते लोग निजी अस्पतालों में जा रहे हैं, यहां डेंगू की जांच होती है या नहीं, इसका रिकार्ड प्रशासन के पास नहीं है। जबकि कई मरीजों का इलाज डेंगू संदिग्ध मानकर ही किया जाता है। इस बात को प्रशासन नहीं पकड़ पा रहा है।

# आरोग्य केन्द्र के शिविर में फिजियोथेरेपी पर व्याख्यान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में चल रहे दस दिवसीय शिविर में फिजियोथेरेपी विभाग अध्यक्ष डॉ. नीरज श्रीवास्तव द्वारा दैनिक दिनचर्यो में होने वाली जोड़ों तथा मासपेशियों से संबंधित समस्याओं व उनके निवारण के बारे में व्याख्यान दिया गया। डॉ. श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि आज के समय में ज्यादातर लोगों को गर्दन, कंधे, कमर, घुटने की समस्या होती है। इनमें से ज्यादातर समस्या हमारे गलत ढंग से उठने, बैठने और लेटने आदि तथा शरीर के वजन की वजह से होती हैं।


दर्द का कारण बताए डॉ नीरज ने

उन्होंने बताया कि लेटकर टीवी या मोबाइल देखना, ऊंचा तकिया लगाना या लंबे समय तक झुक कर बैठना यह कुछ महत्वपूर्ण कारण होते हैं जो शरीर के जोड़ो और मांसपेशियों में समस्या उत्पन्न करते हैं। उन्होंने बताया की किस तरह हम खानपान में संयम, दैनिक व्यायाम और शरीर के पोस्चर को ध्यान में रखकर इन समस्याओं से बच सकते हैं।

## 84 वें बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

# पंचायत ने कहा-मानवता के मसीहा थे भगत कंवरराम साहिब

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने शहीद भगत कंवरराम साहिब के 84वां शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य मार्ग स्थित भगत कंवरराम की आदमकद प्रतिमा पर पंचायत पदाधिकारी एवं समाजसेवियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने भगत कंवरराम साहिब के शहादत दिवस पर प्रकाश डाला। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने अमर शहीद भगत कंवरराम को दीन दुखियों के दाता, परोपकारी, धर्मवीर व कर्मवीर, मधुर स्वरं के धनि, देश भक्त, कल्याणकारी, महान संत एवं मानवता के मसीहा बताते हुए, कहा कि भगत कंवरराम को ईश्वर की शक्ति भी प्राप्त थी। भगत साहिब जिसे आशीर्वाद देते थे उनकी मनोकामना पूर्ण होती थी। रीझवानी ने भगत कंवरराम की शहीदी पर दुःखदाई घटना का भी विवरण देकर, असहनीय दुःख प्रकट किया। व

पंचायत के कोषाध्यक्ष एवं गायक गुलाब जेठानी, हरनाम पेसवानी, चुन्नीलाल जेठानी ने शहीद भगत कंवरराम के भजन ''कोसा कुहर खणी हलियो'' (गर्म चने लेकर चले) गुनगुना करे सिंध की याद ताजी कर दी। अंत में 2 मिनट का मोन रखकर संत जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



## मेट्रो एंकर

## संतनगर के स्कूलों में मप्र स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

# ‘ये मेरा मध्य प्रदेश है’ के गान के साथ दीप दान किया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश के 68 वें स्थापना दिवस पर संतनगर के स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। हजारों बच्चों ने मध्यप्रदेश गान गाया और प्रदेश की प्रगति में योगदान का संकल्प लिया।

दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी राकेश कुकरेजा, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, कृष्ण भावनामृत संघ की राधिका प्रेमाभक्ति एवं सन्दनी पदम, महेश प्रेमचन्दानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, गुलाब जेठानी, कन्हैयालाल मोटवानी, अशोक हिमथानी ने परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया। सभी ने एक साथ ये मेरा मध्य प्रदेश है गान गाया। सभी ने श्री कृष्ण जी दामोदर रूप को दीपदान किया। संस्था के सचिवबसंत चेलानी ने अतिथियों का परिचय दिया।

कुकरेजा ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई दी। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर जो गीत गाया उससे हमें प्रदेश की संस्कृति और सभ्यता की जानकारी मिलती है जब हमारा मध्य प्रदेश आगे बढ़ेगा तो देश भी आगे बढ़ेगा हमें अपने राष्ट्रहित के बारे में सोचना चाहिए जब राज्य का विकास होगा तो देश का भी विकास होगा। राधिका प्रेमाभक्ति ने दीपदान के महत्व को समझाया। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे।


**नवयुवक सभा में कार्यक्रम:** सभा की शिक्षण संस्थाओं ने संयुक्त रूप से मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने संस्कृत व हिन्दी में भाषण व सामूहिक रूप से मध्यप्रदेश गान गाया। प्राचार्या ज्योति चौहान ने मध्यप्रदेश स्थापना की जानकारी दी। बच्चों ने संकल्प लिया अपने प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रिया धरमदासानी, शिक्षक गण व विद्यार्थी मौजूद थे।

## गोवंश को मुंहपका-खुरपका से बचाने लगाया जा रहा वैक्सीन

**हिरदाराम नगर।** गोवंश में मुहपका-खुरपका (एफएमडी) की बढ़ती बीमारी, सोसायटी द्वारा नियमित उपचार कार्य, सोसायटी चलाएगी वैक्सीन लगवाने का अभियान।

श्री राधा कृष्णा गौ सेवा संवर्धन सोसायटी द्वारा वर्तमान में गोवंश में हो रहे एफएमडी मुंह पका खुर पका का उपचार किया जा रहा है गौप्रेमियों द्वारा गौवंश में अत्यधिक यह बीमारी की शिकायत आ रही वर्तमान में यह समस्या को बढ़ते देख समिति द्वारा गोपालकों से वैक्सीन लगवाने का निवेदन किया जा रहा है। एवं यह बीमारी और ना बड़े, इसके लिए वैक्सीन लगवाने का अभियान चलाया जाएगा।जिसमें सोसायटी कार्यकर्ताओं द्वारा गोपालको से घर-घर जाकर निवेदन होगा,एवं सोसायटी कार्यकर्ताओं द्वारा लावारिस गोवंश को वैक्सीन लगाने का अभियान चलाया जाएगा। सोसायटी ने पशु चिकित्सालय से भी निवेदन किया है कि वह यह अभियान चलाकर गोवंश में इस समस्या के कमी आने में सहायता करे।

इस अभियान मे सोसायटी कार्यकर्ता योगेश सूर्यवंशी,बाला यादव,संजू अहिरवार,राजू यादव,रवि यादव,मुकेश मेहरा,राकेश राजपूत,मनीष धौलपुरिया,देवी सिंह,आदि का सहयोग प्राप्ति हो रहा है।

विधानसभा चुनाव में दोनों बड़े दलों ने मैदान और आतंरिक जमावट के लिए ताकत झोंकनी शुरु की

# शिवराज बोले- तबाही के जिम्मेदारों को न दें सत्ता, नाथ ने कहा- वचनपत्र देखकर वोट दें





भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विंध्य क्षेत्र के चुनावी दौरे पर लोगों से अपील की कि मध्यप्रदेश को ऐसे हाथों में न सौंपे, जो तबाही और बर्बादी के जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा प्रत्येक परिवार एक रोजगार भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है। वहीं नरसिंहपुर में कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि कमलनाथ ने कहा कि स्कूली बच्चों को विश्व की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप देने का काम कांग्रेस की सरकार करने वाली है। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कहूँगा कि ज़ब वोट देने जायें तो कांग्रेस के वचनपत्र को ध्यान से पढ़कर जायें। उधर, भाजपा और कांग्रेस की तरफ से चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और अन्य पहलुओं पर चुनाव आयोग से शिकायतों का दौर भी जारी है। वहीं रिपल्किन पार्टी ने भाजपा को चुनाव में समर्थन व मदद का आश्वासन दिया है।**

मुख्यमंत्री चौहान ने पुष्पराजगढ़ में कहा कि बीते 68 वर्षों में मध्यप्रदेश ने प्रगति और विकास की लंबी मंजिल तय की है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने प्रगति और विकास किया है। लिहाजा पार्टी को जिताकर प्रदेश के विकास को गति दें। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी हीरासिंह श्याम, डिंडौरी में पंकज सिंह टेकाम, शहपुरा में ओमप्रकाश धुर्वे और लखनादौन में विजय उईके के समर्थन में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वहीं कमलनाथ ने अपनी सभा मे कहा कि शिवराज सिंह और भाजपा ने 18 साल में जनता को बेसहारा करके 'पुलिस, पैसा और प्रशासन से सरकार चलाई है। कमलनाथ ने कहा कि हमारी सरकार आने पर हम बेरोजगार युवाओं को आर्थिक मदद करने और नौकरी देने का काम करेंगे, हमारी सरकार आने पर हम 500 रूपये में सिलेंडर देने का काम करेंगे।स्कूली बच्चों को विश्व की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप देने का काम कांग्रेस की सरकार करने वाली है। नाथ ने कहा कि कांग्रेस के जो उम्मीदवार हैं वह केवल आपके उम्मीदवार नहीं है, बल्कि मेरे साथी हैं। इसलिए आप अगर इनको समर्थन देंगे तो समझियेगा की आप कमलनाथ को समर्थन दे रहे हैं।

## आठवले भाजपा के समर्थन में उतरे

भाजपा की केंद्र में सरकार और मप्र में शिवराज सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों से प्रभावित होने की बात कहते हुए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) ने मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देते हुए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की है।

## सबनानी -पीसी पहुंचे बस्तियों में



भाजपा के भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भगवान दास सबनानी ने वार्ड क्रमांक 27 के नया बसेरा, राजीव नगर, मंडावा बस्ती ,कमला नगर ,आदि क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सबनानी ने कहा भाजपा की विजय मतलब विकास की गारंटी ईमानदार सोच के साथ निरंतर विकास का प्रयास और आप सभी के सहयोग से दिन-रात आपके मध्य रहकर काम करूंगा। नया बसेरा स्थित संत रविदास मंदिर में दर्शन कर संत रविदास का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार पीसी शर्मा भी अपने समथर्कों के साथ विभिन्न बस्तियं में जनसंपर्क कर रहे हैं।

## कांग्रेस का विजयवर्गीय पर निशाना

इधर, कांग्रेस मीडिया प्रमुख केके मिश्रा ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार विजयवर्गीय ने इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 में अपना नामांकन दाखिल करने के साथ प्रस्तुत किये गये शपथ पत्र मे गलत एवं अपूर्ण जानकारी दी है। उनके खिलाफ दर्ज हुए मामले को की जानकारी इस शपथ पत्र मे नही दी गई है। मिश्रा ने कहा कि जब इस मामले मे कांग्रेस ने आपत्ति ली तो राजनैतिक दबाव और प्रभाव के चलते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नियम के विपरीत आचरण कर कांग्रेस की आपत्ति को खारिज कर दिया गया। इस मामले मे अब जिला निर्वाचन अधिकारी के गैर कानुनी कृत्य की शिकायत चुनाव आयोग से की जायेगी। मिश्रा ने कहा कि विजयवर्गीय के खिलाफ एक महिला द्वारा पश्चिम बंगाल के सीजेएमसी न्यायलय में धारा 156 (3) के तहत एक निजी परिवाद प्रस्तुत किया गया था।

## जनअभियान परिषद फिर निशाने पर

कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयोग से सरकारी संस्था जनअभियान परिषद पर भाजपा का प्रचार करने का आरोप लगाते हुए इसके पदाधिकारियों के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने और निर्वाचन प्रक्रिया से दूर रखने और उन्हें पद से हटाने की कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उपाध्यक्ष और प्रभारी चुनाव आयोग कार्य जे.पी. धनोपिया ने आयोग को तथ्यों के साथ लिखित शिकायत कर जन अभियान परिषद के महानिदेशक रिटायर्ड आईएएस बीआर नायडू को तत्काल पदमुक्त करने, कार्यपालक निदेशक डा. धीरेन्द्र पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से हटाने और प्रदेश के सभी ब्लाक, जिला और संभाग स्तरीय समन्वयकों और मेंटर्स को आचार संहिता समाप्त होने तक चुनाव कार्यों से पृथक कर मुख्यालय, भोपाल में संलग्न करने की कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

भाजपा ने की

## पेड न्यूज की शिकायत

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग में कांग्रेस अध्यक्ष व कांग्रेस उम्मीदवार कमलनाथ की पेड न्यूज संबंधी शिकायत चुनाव आयोग में की है। इसमें एक प्रकाशित समाचार को पेड न्यूज की श्रेणी में बताते हुए चुनाव आयोग से प्रतिनिधिमंडल ने कार्यवाही की मांग की गई । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि विदिशा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित एक समाचार कमलनाथ प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रकाशित किया गया है। भाजपा ने इस पेड न्यूज को उनके निर्वाचन व्यय में सम्मिलित कर आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी कार्यवाही करने की मांग की है।

## आज खुरई में नाथ, सागर में शिवराज

चुनाव की दृष्टि से भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व 2 नवंबर को प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना और सतना, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा मंडला, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर शाजापुर, रतलाम एवं मंदसौर, कैलाश विजयवर्गीय शाजापुर, नीमच एवं धार, ज्योतिरादित्य सिंधिया मैहर, जयसिंह नगर, गैरतगंज, बदनावर एवं सांवेर, प्रह्लाद पटेल, अशोकनगर, दतिया एवं विदिशा, रविशंकर प्रसाद छिंदवाडा, जबलपुर एवं भोपाल जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

## कांग्रेस ने मैदान में उतारे 12 प्रवक्ता

विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारे गये भाजपा के 12 कद्दावर और वरिष्ठ प्रत्याशियों के खिलाफ एक सुविचारित रणनीति के तहत भाजपा नेताओं और प्रत्याशियों को उनके ही निर्वाचन क्षेत्र में घेराबंदी के लिए मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग ने तेजतर्रार प्रवक्ताओं को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मीडिया प्रभारी के रूप में तैनात किया है। केके मिश्रा ने इन प्रवक्ताओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए उनसे आग्रह किया है कि वे चुनाव प्रचार के अंतिम दिवस तक इन क्षेत्रों में अपना डेरा डाले और आक्रमक तरीके से प्रामाणिकता के साथ इन भाजपा प्रत्याशियों के विरूद्ध प्रतिदिन घेराबंदी करें। प्रवक्ताद्वय संतोष सिंह परिहार व फरहाना खान कांग्रेस मीडिया विभाग की कंट्रोल रूम प्रभारी होंगी।

# कर्मचारी ने दी सुसाइड करने की चेतावनी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

निगम के एक कर्मचारी ने सुसाइड करने की चेतावनी दी है। उसने पत्र लिखकर यह चेतावनी दी। पत्र निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. को लिखा है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम में संबंल घोटाला सामने आने के बाद दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मनोज सेन को हटा दिया था। जिसके बाद से वह खुद को परेशान बता रहा है। पत्र में मनोज सेन ने लिखा है कि संबंल घोटाले में जो भी राशि जारी हुई, उसका भुगतान जोनल अधिकारियों के स्वीकृत के बाद किया गया। इस योजना का संचालन जोन स्तर पर किया जा रहा था। इसके प्रकरण भी जोन के कम्प्यूटर आपरेटरों ने बनाए थे। फिर इसमें मुख्यालय में बैठे कम्प्यूटर ऑपरेटर की गलती नहीं है। तब भी कार्यवाही की गई।

## 91 हजार वोटर कार्ड विधानसभा भेजे

**भोपाल.दोपहर मेट्रो।** 91 हजार नए वोटरों के कार्ड प्राप्त हो चुके हैं। अब इनको विधान सभावार भेजे जाएंगे। कलेक्टोरेट में बनाए कंट्रोल रूम में बीएलओ द्वारा वोटर कार्डों को छांटने के बाद उन्हें अलग-अलग विधानसभाओं में डिस्पेच कर दिया। बचे हुए वोटर कार्ड भी जल्द मिलने की उम्मीद है। इसके बाद लगभग सभी वोटर जिनके नाम सूची में जुड़े हैं, उनको वोटर कार्ड मिल जाएंगे।

# यूजी-पीजी डिप्लोमा कोर्सों के मुकाबले विद्यार्थियों का डिग्री में अधिक रुझान

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

उच्च शिक्षा विभाग सिर्फ यूजी-पीजी डिग्री कोर्स में प्रवेश के आंकड़े बढाने के फेर में यूजी पीजी डिप्लोमा कोर्स में अच्छे प्रवेश नहीं करा सका है। यूजी पीजी डिग्री कोर्स में प्रवेश का आंकड़ा भले ही 5.92 लाख हुए हो, लेकिन यूजी पीजी डिप्लोमा का आंकड़ा पांच हजार तक पहुंचने के पहले ही दम तोड़ चुका है। यह आंकड़ा भी पीजीडीसीए कोर्स की बदौलत पहुंचा है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के कॉलेजों में यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए चलाई जा रही प्रक्रिया अब खत्म हो चुकी है। इ प्रक्रिया की समाप्ति के साथ ही प्रवेश की स्थिति भी साफ हो गई है। विद्यार्थियों को डिग्री देने के प्रवेश कराने के लिए लंबे समय चलाई गई प्रवेश प्रक्रिया में यूजी पीजी डिप्लोमा कोर्सों में एडमिशन लेने में खास दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जबकि स्टूडेंट्स का डिग्री करने में अधिक रुझान दिख रहा है। इसके चलते डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश की स्थिति काफी खराब रही है। जहां कुछ डिप्लोमा कोर्स अपना खाता तक नहीं खोल सके हैं। वहीं, कुछ, कोर्स में उंगली पर गिने जाने वाले विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। सबसे ज्यादा चार हजार प्रवेश सिर्फ पीजीडीसीए (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन) में हुए हैं। इसके बाद योग से संबंधित तीन कोर्स में विद्यार्थियों रुचि दिखाई है।

**यूजी-पीजी डिप्लोमा का आंकड़ा 5 हजार तक पहुंचने के पहले थमा**

## योग साइंस में सौ प्रवेश

पीजी डिप्लोमा में योग साइंस में सबसे ज्यादा 100 जबकि योग एजुकेशन में सबसे कम 12 प्रवेश हुए हैं। फैशन डिजाइनिंग में 89 हैं। जबकि सबसे रुरल डेवलपमेंट और इनकम टैक्स रिटर्न फिलिंग में एक-एक प्रवेश हुए हैं। पीजी डिप्लोमा में साढ़े चार हजार और यूजी डिप्लोमा में 54 प्रवेश हुए हैं। यूजी पीजी के तीन दर्जन डिप्लोमा कोर्स मिलाने के बाद विभाग के पास महज साढ़े चार हजार प्रवेश हुए हैं।

# मांडू में राम महोत्सव 15-17 दिसंबर को आयोजित

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मांडू में राम महोत्सव 15 दिसंबर से शुरू होगा, जो 17 दिसंबर तक चलेगा। इसका आयोजन रामायण केंद्र भोपाल द्वारा किया जा रहा है। महोत्सव में देश भर के संत, महात्मा, मानस मनीषी, शोधार्थी, साहित्यकार और रंगकर्मी हिस्सा लेंगे। इसमें विश्वप्रसिद्ध चतुर्भुज श्रीराम के अनूठे विग्रह का दर्शन और संत समागम होगा। वैश्विक रामायण के अध्येता डॉ राजेश श्रीवास्तव रामायण केंद्र के अपने सहयोगी मित्रों के साथ शीघ्र ही दंडकवन क्षेत्र की यात्रा पर जा रहे हैं । उनकी आगामी शोधपरक पुस्तक राम का दंडक प्रवास लगभग पूर्णता की ओर है। उन्होंने बताया कि प्रकाशन से पूर्व वे रामवनगमन मार्ग के कुछ भागों का एक बार पुनः अवलोकन एवं सत्यापन करना चाहते हैं। इस बार उनके साथ सात सदस्यीय दल होगा जो अलग-अलग दृष्टिकोण से सर्वेक्षण एवं तथ्यों की पुष्टि करने में सहायक होगा।



**मेट्रो एंकर** | 10वीं-12वीं परीक्षा आगामी फरवरी के तीसरे सप्ताह से शुरू होंगी

# प्रवेश पत्र में कोई त्रुटि नहीं इसका प्राचार्यों को देना होगा घोषणा पत्र

भोपाल, दोपहर मेट्रो।


मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं परीक्षा आगामी फरवरी के तीसरे सप्ताह से शुरू होंगी। इस परीक्षा में प्रदेश के 18 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र में कोई त्रुटि नहीं होने का प्राचार्यों को घोषणा पत्र देना होगा। इस संबंध में मंडल के निर्देश जारी हो चुके हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं परीक्षा के फार्म भरने के लिए अब पांच हजार रुपए विलंब शुल्क लगेगा। कई संस्थाओं के नियमित विद्यार्थियों के अभी तक शुल्क के साथ फार्म जमा नहीं हुए हैं। पिछले साल भी कुछ संस्थाओं द्वारा नियत समय तक विद्यार्थियों के फार्म जमा नहीं किए थे, जिसके बाद मंडल ने शासकीय स्कूलों को फार्म भरने में विलंब शुल्क में छूट दी थी। फार्म जमा करने की तिथि 30 सितंबर तक 1200 रुपए नियमित शुल्क के साथ निर्धारित की गई थी। इसके बाद मंडल ने एक से 15 अक्टूबर तक 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा करने की अनुमति दी थी। 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक 2000 रुपए विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा किए जा सकते हैं। दो हजार विलंब शुल्क के साथ यदि अब तक फार्म जमा नहीं हुए हैं तो एक नवंबर के बाद से 15 नवंबर तक पांच हजार रुपए विलंब शुल्क लगेगा। इस तिथि में भी विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म जमा नहीं हुए तो 16 नवंबर से 30 नवंबर तक 10 हजार रुपए विलंब शुल्क लगेगा। इसके बाद परीक्षा शुरू होने के दस दिन पहले तक 12 हजार विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा किया जाएगा।



फाइल फोटो





## सुविचार

''क्यों डरें
ज़िन्दगी में
क्या होगा
कुछ ना होगा
तो तज़ुरबा
होगा ''

-अज्ञात

## संपादकीय

# आरक्षण की लपटें

महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को आरक्षण की मांग इतनी जोर पकड चुकी है कि राज्य में कई जगह हिंसा होने लगी है। यहां तक कि मंत्री के काफिले पर पथराव से लेकर कई लोगों द्वारा आत्महत्या की खबरें सामने आने लगी हैं। इस आरक्षण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के हिंसक हो जाने के बाद महाराष्ट्र की शिंदे सरकार बड़े फैसले कर रही है। कल सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई थी। सरकार ने मराठों को कुणबी सर्टिफिकेट देने से जुड़ी जस्टिस संदीप शिंदे समिति की पहली रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इसके अलावा, मराठा आरक्षण से जुड़े कानूनी पहलुओं पर विचार करने के लिए तीन सदस्यों की एक समिति बनाई गई और यह भी कहा गया कि पिछड़ा आयोग मराठा समुदाय की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति पर ताजा सूचनाएं जुटाएगा। मगर राज्य सरकार के इन फैसलों से मराठा समुदाय के आंदोलन पर कितना असर पड़ेगा यह अभी साफ नहीं है। क्योंकि गुस्सा भी कम नहीं हुआ है और हिंसा भी। इस मांग को लेकर अनशन पर बैठे मनोज जरांगे का कहना है कि मराठा समुदाय को अधूरा आरक्षण स्वीकार्य नहीं होगा। वह विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने पर भी जोर दे रहे हैं। यह बात मानी जा सकती है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि उससे इस मसले को हल करने की क्या राह निकलेगी। गौरतलब बात यह है कि राज्य में कोई भी पार्टी इस मांग के खिलाफ नहीं है। शुरू से ही सभी दल और तमाम प्रमुख नेता इस मांग का समर्थन करते रहे हैं। नवंबर 2018 में ही महाराष्ट्र विधानसभा मराठा आरक्षण बिल पास कर चुकी है। उसके मुताबिक राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। लेकिन बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया। इस प्रावधान के बाद राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 50 फीसदी की सीमा से ऊपर जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 50 फीसदी की आरक्षण सीमा पर पुनर्विचार करने की जरूरत नहीं है। हालांकि बिहार में जाति आधारित गणना की रिपोर्ट आने और अन्य राज्यों में भी कास्ट सेंसस करवाने की मांग जोर पकड़ने से इस विमर्श में नया आयाम जुड़ रहा है। जहां तक महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की बात है तो उसमें आगे बढ़ने का कोई सीधा रास्ता तत्काल नहीं दिख रहा। पिछले दो दिनों में राज्य के अलग-अलग इलाकों में इसे लेकर जिस तरह की हिंसा देखने को मिली है, उससे हालात और जटिल ही होंगे। हालांकि मनोज जरांगे ने इन हिंसक घटनाओं से खुद को पूरी तरह अलग करते हुए अहिंसक तरीकों से ही आगे बढ़ने की बात कही है। मौजूदा माहौल में सभी संबंधित तबकों को धैर्य और समझदारी दिखाने की जरूरत है। सभी मांगें तत्काल पूरी करने की जिद कहीं नहीं ले जा सकती। कुणबी सर्टिफिकेट के जरिए व्यापक मराठा समाज को आरक्षण की परिधि में लाने का सुझाव भी पहली नजर में ठीक लग सकता है, लेकिन यह बड़ा संवेदनशील मसला है। इसके अमल में भी सभी संबंधित पक्षों की संभावित प्रतिक्रिया का ध्यान रखते हुए सरकार को सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है, यह बात भी उभरी है कि सर्वदलीय बैठक तो बुलाई गई लेकिन कुछ बडे दलों को नजरअंदाज किया गया, ऐसे नाजुक मामलों में सभी की राय से निर्णय होंगे तो मौजूदा सरकार के लिये भी राहत रहेगी और राज्य के लिये भी।

## कविता

### परंपरा पुरानी है !



– कृष्णेन्द्र राय

लेकर टिकट वितरण को ।
है मचा बवाल ।।
दिया कैसे उनको ।
बड़ा है सवाल ।।
परंपरा पुरानी है ।
है होता हर हाल ।।
पाने खातिर टिकट ।
जाते बुनते जाल ।।
उसी को निभाना है ।
लो बातें ये जान ।।
केवल नहीं एक ।
और भी महान ।।
हो जाएंगे बाग़ी ।
रखा नहीं यदि ख्याल ।।
हमको भी है आती ।
चलनी नई चाल ।।

## आज का इतिहास

- 2008 में आज ही के दिन केंद्र सरकार ने सेवानिवृत्त के बाद पेंशन फंड से धन निकालने की सुविधा खत्म की थी।
- 2005 में 2 नवंबर को ही ग़ुलाम नबी आज़ाद ने जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया था।
- 2002 में आज ही के दिन मुफ़्ती मोहम्मद सईद ने जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया था।
- 2001 में 2 नवंबर को ही अफगानिस्तान में विशेष बलों की संख्या बढ़ाने का अमेरिका का फैसला था।
- 1999 में आज ही के दिन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिकी केंद्रों पर अज्ञात लोगों ने राकेट से हमला किया था।
- 1951 में 2 नवंबर को ही मिस्र में ब्रिटेन के खिलाफ हुए प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिए करीब छह हजार ब्रिटिश सैनिक पहुंचे थे।
- 1936 में 2 नवंबर को ही बीबीसी ने टेलीविजन सेवा शुरू की थी और यह विश्व की पहली रेगुलर हाई डिफनिशन सेवा थी।
- 1914 में आज ही के दिन रूस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध घोषित किया था।
- 1834 में 2 नवंबर को ही एटलस नाम का जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था, जिसे वहां अप्रवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- 1883 में आज ही के दिन असम के स्वतंत्रता सेनानी तथा राजनेता बसंत कुमार दास का जन्म हुआ था।
- 1929 में 2 नवंबर को ही प्रसिद्ध भारतीय चरित्र अभिनेता राम मोहन का जन्म हुआ था।
- 1940 में आज ही के दिन साहित्यकार ममता कालिया का जन्म हुआ था।
- 1960 में 2 नवंबर को ही हिंदी फिल्म संगीतकार अनु मलिक का जन्म हुआ था।

# कॉप-28: गुनहगारों को मेजबानी, खराब जलवायु रिकॉर्ड पर्यावरण प्रेमियों के विरोध का आधार




अरविंद कुमार मिश्रा

**संयुक्त अरब अमीरात में होने जा रहे कॉप-28 का यदि पर्यावरण प्रेमी विरोध कर रहे हैं, तो इसकी मुख्य वजह उसका खराब जलवायु रिकॉर्ड है।**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक संयुक्त राष्ट के सालाना जलवायु सम्मेलन (कॉप-28) का आयोजन होना है। लेकिन यूएई के बदतर जलवायु रिकॉर्ड के चलते इसका विरोध किया जा रहा है। जलवायु संधियों पर नजर रखने वाले संगठनों का दावा है कि यूएई पेरिस समझौते के क्रियान्वयन में बहुत पीछे है। दुनिया भर में जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से कम करने पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन यूएई दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है। तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) में वह तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। इसकी जीडीपी का 30 फीसदी तेल एवं गैस के निर्यात से आता है। फिर भी डीकार्बोनाइजेशन को लेकर पिछले पांच से दस साल में यूएई कोई ठोस नतीजा नहीं दे सका है। कॉप-28 की अध्यक्षता सुल्तान अहमद अल जाबेर को सौंपे जाने से भी जलवायु प्रेमी नाराज हैं। अल जाबेर यूएई की सबसे बड़ी तेल कंपनी अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) के सीईओ हैं, जो पहले से ही उत्सर्जन को लेकर नागरिक समाज के निशाने पर हैं। पर्यावरण प्रेमी सालाना जलवायु सम्मेलन में तेल के पैरोकारों की मौजूदगी बढ़ने पर चिंता जाहिर कर रहे हैं।

सवाल है कि क्या जलवायु संधियों में कार्बन उत्सर्जन के कठोर प्रावधान न हों, इसलिए तेल कंपनियां वहां पैठ बना रही हैं। कहीं तेल कंपनियों के हित में वार्ताओं, प्रस्ताव और अंतिम समझौते की भाषा तय करने की कोशिश तो नहीं हो रही है? ग्लासगो में 2021 में हुए संयुक्त राष्ट्र के 26वें जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में किसी भी एक देश के प्रतिनिधि मंडल के मुकाबले तेल उद्योग के प्रतिनिधियों की संख्या सबसे अधिक थी। ये प्रतिनिधि तेल एवं गैस उद्योग के हितों की पैरोकारी करते हैं। कॉप-28 में जलवायु प्रेमी अपनी बात खुलकर रख पाएंगे या नहीं, यह मुद्दा संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद तक पहुंचा। ह्यूमन राइट वॉच ने आशंका जाहिर की है कि इससे जलवायु वार्ता का उद्देश्य धूमिल होगा। नागरिक संगठनों की ओर से बढ़ते दबाव को देखते हुए कुछ दिन पहले संयुक्त राष्ट्र को जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसी) के साथ संयुक्त वक्तव्य जारी करना पड़ा। इसमें खाड़ी देश ने कहा है कि जलवायु सम्मेलन के दौरान पर्यावरण प्रेमी शांतिपूर्वक विरोध जता सकते हैं।

कॉप में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी कोई नई बात नहीं है। पर्यावरण बचाने के लिए कोर्ट से लेकर सड़क तक आवाज बुलंद करने वाले कार्यकर्ता यहां पहुंचते हैं। मिस्र में आयोजित कॉप-27 के दौरान भी सम्मेलन के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ था। वहीं एडनॉक अब दावे कर रही है कि 2045 तक वह शून्य कार्बन उत्सर्जक कंपनी हो जाएगी। यूएई 2015 में ही यूएनएफसीसी में राष्ट्रीय निर्धारित योगदान (एनडीसी) साझा कर चुका है, जिसमें राष्ट्रीय जलवायु नीति कार्यक्रम, 2017-2050 का जिक्र है।

ऐसे में, यूएई के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम को कहीं तेल कूटनीति के जरिये हवा तो नहीं दी जा रही है। वैसे यह दावा कमजोर है, क्योंकि अमेरिका और यूरोप तेल परियोजनाओं में जारी निवेश को लेकर पहले ही पर्यावरण प्रेमियों के निशाने पर हैं। जस्ट स्टॉप ऑयल संगठन ब्रिटेन में तेल परियोजनाओं में सरकारी निवेश के खिलाफ लगातार लोगों को एकजुट कर रहा है। अमेरिकी कंपनी एक्सान मोबिल भी अक्सर तेल खनन परियोजनाओं को लेकर पर्यावरण प्रेमियों के निशाने पर रही है। पेरिस समझौते के बाद यूएनएफसीसी का सालाना जलवायु सम्मेलन काफी अहम हो गया है। यहां पारित होने वाले प्रस्ताव जी-20 सम्मेलनों की तरह सिर्फ प्रस्ताव तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इस पर दस्तखत करने वाले देश अमल के लिए भी प्रतिबद्ध होते हैं और यूएनएफसीसी उसकी समय-समय पर समीक्षा करता है।

आज दुनिया भर में बनने वाली नीतियों में कार्बन उत्सर्जन कम करने को लेकर जोर दिया जा रहा है, इसके पीछे इन जलवायु सम्मेलनों में होने वाले समझौते हैं। 1996 के क्योटो प्रोटोकॉल और 2015 के पेरिस समझौते की छाप आज हर देश की जलवायु और पर्यावरण नीतियों पर है। दुनिया के 150 से अधिक देश कार्बन उत्सर्जन कम करने की अपनी तैयारी यूएनएफसीसी से साझा कर चुके हैं। हरित जलवायु कोष और हानि एवं क्षति कोष इन्हीं जलवायु सम्मेलनों की बदौलत अस्तित्व में आए हैं।

**साभार :** ये लेखक के अपने विचार हैं।

# हादसों की खूनी सड़कों पर डरावनी रिपोर्ट

ललित गर्ग

सड़क हादसों पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की की डरावनी, चिन्ताजनक एवं भयावह रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक, पिछले साल 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। हर घंटे इनमें 19 लोगों की मौत हुई। हादसों एवं लापरवाही की खूनी होती सड़कें चिन्ता का बड़ा सबब है। सड़कों की 'दुर्घटनाओं' के कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। सच यह है कि बेलगाम वाहनों एवं यातायात कानूनों एवं नियमों की अवहेलना की वजह से सड़कें अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुकी हैं। सड़क पर तेज गति से चलते वाहन एक तरह से हत्या के हथियार होते जा रहे हैं। उक्त रपट यह भी बताती है कि सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक्सप्रेसवे हाईवे और राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग जानलेवा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देने का ही काम करती है लेकिन न तो वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं और न ही सरकारें एवं यातायात पुलिस। बीते वर्ष सड़क हादसों में 66 हजार से अधिक लोगों ने इसलिए जान गंवाई क्योंकि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी या फिर हेलमेट नहीं लगाया था।

यह विडम्बनापूर्ण है कि हर रोज ऐसी दुर्घटनाओं और उनके भयावह नतीजों की खबरें आम होने के बावजूद बाकी वाहनों के मालिक या चालक कोई सबक नहीं लेते। सड़क पर दौड़ती गाड़ी मामूली गलती से भी न केवल दूसरों की जान ले सकती है, बल्कि खुद चालक और उसमें बैठे लोगों की जिंदगी भी खत्म हो सकती है। पर लगता है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं शौक का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है, जो एक उम्मीद जगाता है एवं रोशनी बन रहा है।

दुनिया में सर्वाधिक तेजी से उन्नत सड़कों का जाल बिछाने में भारत अग्रणी है। लेकिन सुविधाजनक एवं उन्नत होती सड़कों पर मौत की काली छाया का मंडराना सड़क विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह दाग सरकारी रिपोर्ट में ही सामने आया है, जिसके




अनुसार देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही।

सड़क दुर्घटनाओं का लगातार बढ़ना अनेक सवाल खड़े करता है। तभी सुप्रीम कोर्ट भी तल्ख टिप्पणी कर चुका है कि ड्राइविंग लाइसेंस किसी को मार डालने के लिए नहीं दिए जाते। हादसों से संबंधित कानूनी प्रावधान अभी इस कदर कमजोर हैं कि किसी की लापरवाही की वजह से दो-चार या ज्यादा लोगों की जान चली जाती है और आरोपी को कई बार थाने से ही छोड़ दिया जाता है।

सड़क दुर्घटनाओं ने कहर बरपा रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2009 में सड़क सुरक्षा पर अपनी पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं की दुनिया भर में 'सबसे बड़े कातिल' के रूप में पहचान की थी। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 78.7 प्रतिशत हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होते हैं। वैसे एक प्रमुख वजह शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना है। विडंबना यह है कि जहां हमें पश्चिमी देशों से कुछ सीखना चाहिए वहां हम आंखें मूंद लेते हैं और पश्चिम की जिन चीजों की हमें जरूरत नहीं है उन्हें सिर्फ इसलिए अपना रहे हैं कि हम भी आधुनिक कहला सकें। एक आकलन के मुताबिक आपराधिक घटनाओं की तुलना में पांच गुना अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। कहीं बदहाल सड़कों के कारण तो कहीं अधिक सुविधापूर्ण अत्याधुनिक चिकनी सड़कों पर तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहनों के कारण ये हादसे होते हैं। दुनिया भर में सड़क हादसों में बारह लाख लोगों की प्रतिवर्ष मौत हो जाती है, जिनमें भारत में सर्वाधिक मौते होती है। ट्रैफिक व्यवस्था कुछ अंशों में महानगरों को छोड़कर कहीं पर भी पर्याप्त व प्रभावी नहीं है। पुलिस ÷व्यक्ति÷ की सुरक्षा में तैनात रहती है ÷जनता÷ की सुरक्षा में नहीं। हजारों वाहन प्रतिमास सड़कों पर नए आ रहे हैं, भीड़ बढ़ रही है, रोज किसी न किसी को निगलनेवाली ÷रेड लाइनें÷ बढ़ रही हैं। दुर्घटना में मरने वालों की तो गिनती हो जाती है पर वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएँ से प्रतिदिन मौत की ओर बढ़ने वालों की गिनती असंख्य है। वाहनों में सुधार हो रहा है पर सड़कों और चालकों में कोई सुधार नहीं। सन् 2023 तक वाहनों का उत्पादन और मांग जिस अनुपात में बढ़ेगी, सड़कें उस अनुपात में नहीं। अतः यातायात-अनुशासन बहुत जरूरी है।

नया भारत निर्मित करने, औद्योगिक विकास और पूंजी निवेश के लिए सरकार सभी प्रकार के गति-अवरोधक हटा रही है। लगता है सड़कों पर भी गति अवरोध हटा रही है। कोई चाहिए जो नियमों की सख्ती से पालना करवा के निर्दोषों को मौत के मुंह से बचा सके। 1988 में बने मोटर वाहन अधिनियम का व्यावहारिकता से परे होना भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। पिछले तीन दशकों में सड़क परिवहन में आए बदलाव के अनुरूप मोटर अधिनियम में व्यापक बदलाव की दरकार है। अगर सरकार नए वाहनों को लाइसेंस देना बंद नहीं कर सकती तो कम से कम राजमार्गों पर हर चालीस-पचास किलोमीटर की दूरी पर एक ट्रॉमा सेंटर तो खोल ही सकती है ताकि इन हादसों के शिकार लोगों को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सके। तेजी से बढ़ता हादसों एवं लापरवाही का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रान्त या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रहे मौत के तरह-तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड़ पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस




## स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां
## जिलेवासियों को मताधिकार के प्रयोग करने का दिया गया संदेश..

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ। जिसमें कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान और मध्य प्रदेश गान के गायन के साथ ही स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान कर मध्य प्रदेश के विकास का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ गुरकरण सिंह, जिला पंचायत सीईओ एस एस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा सहित



अन्य अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम शत्रुंजय सिंह बिसेन के निर्देशन में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें एक्सीलेंस स्कूल की छात्राओं ने ÷आओ रे शुभ दिन आयो, गगन कहे विजयी भवा आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद सेमीरिटर्न हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों में जुनून है जुनून है सत्यमेव जयते पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा लोकतंत्र का पावनतम त्यौहार आ गया है,चलो सब साथ चलेंगे आपन मतदान करेगें गीत पर प्रस्तुति देकर मतदान का संदेश दिया गया। सेमीरिटन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सुमधुर मध्य प्रदेश गान की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य राजेश शर्मा एवं श्रीमती आरती शर्मा ने किया।

कलेक्टर एसपी ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा, बच्चों के साथ खिंचवाई फोटो कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर एवं एसपी सभी बच्चों से मिले और उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने सभी बच्चों के साथ ही सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी..
# एग्जिट पोल के परिणाम का प्रकाशन सात से 30 नवम्बर तक प्रतिबंधित

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 7 नवम्बर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

## अनाधिकृत बैनर, पोस्टर प्रचार सामग्रियां लगाना प्रतिबंधित

**नर्मदापुरम.** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन - 2023 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है तथा निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 02 नवम्बर 2023 को दोपहर 03 बजे तक है तथा मतदान 17 नवम्बर 2023 को किया जाएगा तथा मतगणना 03 दिसम्बर को की जाएगी। विधानसभा आम चुनाव पूर्ण रूप से स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशानुसार किसी प्रकार के अनाधिकृत कट आउट, बैनर, पोस्टर फ्लेक्स, झण्डियां एवं अन्य प्रचार सामग्रियां लगाये जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगा। संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा प्रचलित विज्ञापन नीति के अन्तर्गत शहर में विभिन्न स्थानों पर विज्ञापनों के होर्डिंग्स पर विज्ञापन प्रदर्शन की अनुमतियां दी गई है, यह अनुमतियां विभिन्न विज्ञापन एजेन्सियों यथा बीओटी आपरेटर्स को प्रदान की गई है, जिनसे मासिक एक मुश्त शुल्क निकाय द्वारा लिया जाएगा। दिन-प्रतिदिन लगाये जाने वाले विज्ञापनों पर सामान्यतः संबंधित स्थानीय निकाय से अनुमति नहीं ली जाती है। निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान ऐसे सभी वैध तथा अनुमति प्राप्त स्थानों पर किसी भी प्रकार की चुनाव से संबंधित अथवा राजनैतिक विज्ञापनों के प्रदर्शनों के लिये निकाय से पूर्व अनुमति, लेना अनिवार्य होगा।

### भारत माता की प्रतिमा क्षतिग्रस्त : कलेक्टर नर्मदापुरम ने दिए जांच के निर्देश

**नर्मदापुरम.** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित पार्क में भारत माता की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के प्रकरण को कलेक्टर नर्मदापरम नीरज कुमार सिंह ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम संपदा सराफ को जांच कर शीघ्र रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए ।

## सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में 19 नाम निर्देशन पत्रों में चार नाम निर्देशन अमान्य

**सिवनी मालवा।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा में 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय सिवनी मालवा में 19 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए थे।

31 अक्टूबर को प्रातः 11.00 बजे से कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 136 में अभ्यर्थियों के नाम अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा की गई 19 नाम नाम निर्देशन पत्रों में से 15 नाम निर्देशन विधि मान्य पाए गए चार नाम निर्देशन पत्रों को अमान्य किया गया।जिसमे राधेश्याम पटेल पिता गुलाब सिंह पटेल,भगवान दास जमीदार पिता बलराम जमीदार,सुधीर गौर पिता प्रकाश गौर,अनीता वर्मा पति रामकृष्ण वर्मा शामिल है।

प्रमोद सिंह गुर्जर रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा के दौरान अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे जो नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य किए गए हैं उनमें(1) नरेंद्र रघुवंशी राष्ट्रवादी भारत पार्टी(2) अजय पटेल कांग्रेस(3) प्रेम शंकर वर्मा बीजेपी(4) सुनील गौर आम आदमी पार्टी(5) फाग राम समाजवादी जन परिषद (6) ओम प्रकाश रघुवंशी निर्दलीय परिषद(7) सुरेश उईके निर्दलीय(8) कैलाश निर्दलीय(9) राम मोहन गौर निर्दलीय(10) उमेद सिंह जाट गोंडवाना गणतंत्र पार्टी(11) देवराज बहुजन मुक्ति पार्टी(12) मांगीलाल मानिक अखंड भारत समाज पार्टी(13) योगेश साहू निर्दलीय(14) अजय लौवंशी निर्दलीय(15) धीरज इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र वापस लेने एवं चुनाव चिन्ह आवंटन की कार्यवाही आज रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में की जाएगी।

## पति की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत





*सिवनी मालवा घर में वैभव और संपदा के साथ पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने करवा चौथ के दिन निर्जला व्रत रखकर रात को चांद निकलने के बाद चलनी से अर्द देकर विधि विधान से चंद्र देवता की पूजा करने के बाद जल पिलाकर व्रत खोला गया।*

### कांग्रेस के पूर्व विधायक ने दिया इस्तीफा
## पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो ओम उतरे निर्दलीय चुनावी मैदान में

**सिवनी मालवा ।** क्षेत्र के जुझारू और कद्दावर कांग्रेस के नेता सिवनी मालवा विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और उसे पीसीसी कार्यालय भी भेज दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के नाम भेजे गए पत्र में उन्होंने लिखा है की मै ओमप्रकाश हजारीलाल रघुवंशी इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देता हूँ। पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी कांग्रेस के टिकट वितरण से नाराज चल रहे थे वही उनके द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भी बड़े जनसमुदाय के साथ पहुँच कर दाखिल किया गया था। इस्तीफा देने के बाद अब पूर्व विधायक निर्दलीय चुनाव



नामांकन वापस लेने की बात पर उन्होंने कहा की कल नाम निर्देशन वापस लेने का अंतिम दिन है मुझे सिवनी मालवा विधानसभा की जनता और मेरे कार्यकर्त्ता चुनाव लड़ा रहे है। इसलिए मै चुनाव लड़ रहा हू। मै पहले भी बोल चूका हूँ कि लोग अफवाह फैला रहे है की मै नामांकन वापस लूँगा पर मै सभी को बता देना चाहता हूँ की मै चुनाव लडूंगा। ओमप्रकाश रघुवंशी पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्व. दादा हजारीलाल रघुवंशी के पुत्र है। जिनके द्वारा वर्ष 1985 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के गिरजा शंकर शर्मा को चुनाव हरा ओमप्रकाश रघुवंशी विधायक रहे। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश महासचिव, महामंत्री के साथ ही कांग्रेस के कई जिलो के प्रभारी तथा अन्य कई पदों पर भी रह चुके है।

### निर्वाचन पर्यवेक्षण हेतु केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

सिवनीमालवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 संपन्न कराए जाने के लिए केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। विधानसभा सिवनी मालवा एवं होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी उदय नारायण दास बैच 2010 मोबाइल नंबर (8989881053) को केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है तथा चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के अधिकारी शिवहरि मीना मोबाइल नंबर (8349158700) को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया है विधानसभा क्षेत्र सिवनी मालवा एवं होशंगाबाद से संबंधित कोई भी जानकारी संबंधित प्रेक्षकों को उक्त मोबाइल नंबरों पर दी जा सकती है।

**मेट्रो एंकर** | कलेक्टर एसपी ने मेला स्थल का किया निरीक्षण

# नर्मदा-तवा के संगम पर बांद्राभान मेला 25 से 28 तक

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्यालय से आठ किमी दूर स्थित नर्मदा व तवा के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार बांद्राभान मेला 25 से 28 नवंबर तक लगेगा। मेले की तैयारियों की संबंध में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरण सिंह ने अधिकारियों के साथ बुधवार को मेला स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। पार्किंग, वाहन शुल्क, परमिट आदि की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाए।

बांद्राभान मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला जाए। मेला स्थल पर बेरिकेडिंग भी अच्छे से कराएं। मेला स्थल पर आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना



हों। उन्होनें पेयजल, चलित शौचालय आदि की भी व्यवस्थाए किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रि में बिजली जाने की समस्या न हो इसके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान को सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे , डीएसपी ट्रैफिक संतोष कुमार मिश्रा, एसडीओपी पराग सैनी, आरटीओ निशा चौहान, जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसएसटी दल की प्रभावी कार्रवाई: पिपरिया में 6 लाख 78 हजार की अवैध राशि जब्त

**नर्मदापुरम।** जिले में आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी ढंग से क्रियान्वन किया जा रहा है। निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामग्रियों की जांच के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह द्वारा जिले में 13 स्थैतिक निगरानी दल बनाए गए हैं जो 24 घंटे वाहनों की सघन जांच कर रहें है। इसी क्रम में बुधवार को पिपरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायसेन जिले की सीमा पर बनाए सिवनी चेक पोस्ट के एसएसटी द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते



हुए 4 लाख 62 हजार 800 रुपए की राशि जप्त की गई है। वही अन्य कार्यवाही में बनखेड़ी सीमा पर स्थित महालनवाडा चेक पोस्ट के एसएसटी दल ने 2 लाख 15 हजार 860 रुपए की राशि जप्त की हैं। एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित द्वारा राशि से वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कार्रवाई करते हुए राशि जप्त कर उसे जिला निर्वाचन कार्यालय प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि दो अलग-अलग कार्रवाई में कुल 6 लाख 78 हजार की राशि जप्त की गई हैं।



### व्यापारी को थमाया नकली नोट, बैंक में सामने आया सच

# बाजार में नकली नोटों की हो रही है सप्लाई, पुलिस बोली तंत्र मजबूत करेंगे

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

कुछ दिनों से बाजार में नकली नोट खपाने का काम हो रहा है। जिसके चलते कई व्यापारियों को नकली नोट मिल रहे हैं, इस कारण से उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। जैसे ही बड़े व्यापारी बैंक में पैसे जमा करने जाते हैं तो नकली नोट की जानकारी मिलने पर उनके चेहरे पर पसीना आ जाता हर बैंक इन नोटों को जप्त कर लेती है। आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार नकली नोट बैंक वापस नहीं करती है इस वजह से नोट बैंक वापस ग्राहक को नहीं देती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए व्यापारीगणो को अब सावधान होकर 500 का नोट देख पर रखकर लेना चाहिए कोई भी नकली नोट थमा कर चला जाए । बड़े व्यापारियों को लग रही है चपत इस तरह से नकली नोट उनके पास ही ज्यादा मात्रा में पहुंचते हैं छोटे-छोटे व्यापारी इनको दे देते हैं। अब बड़े व्यापारी भी छोटे व्यापारियों से अच्छी तरह देख कर ही नोट लें। वहीं इस तरह के मामल कुछ दिनों से लगातार देखने को मिल रहे हैं। दीपावली का त्योहार नजदीक है चुनाव का समय भी चल रहा है ।शयाद इसी बात का फायदा उठाकर नकली नोट बाजार में खपाने का काम भी शतिर दिमाग वाले कर रहे हैं । ऐसा करने वालों पर प्रशासन को कड़ी निगाह रखनी होगी तभी यह पकड़ में आ पाएंगे नहीं तो इनका खेल इसी तरह चलता रहा तो एक दिन बड़ी समस्या भी खड़ी हो सकती है। पुलिस प्रशासन को इस बात को ध्यान में रखते हुए अपने खुफिया तंत्र को एक्टिव करना होगा जिन लोगों के द्वारा बाजार में नकली नोटों की सप्लाई की जा रही है उनकी चेन को तोड़ने के लिए इस तरह से बाजार में नोट खपाने वालों को पकड़ना होगा नहीं तो व्यापारी गाणो के साथ आम जनता को भी चूना लग सकता भोले वाले ग्रामीण तो नकली नोट के बारे में जानते ही नहीं है । दूसरी ओर व्यापारी भी इस समय बगैर जांच पारख के ही नोट लेने का काम कर रहे हैं। इसका खजाना उनको भुगतान पड़ रहा है ।कई व्यापारियों को 500 के नकली नोट थामाऐ जा चुके हैं। या नोट एकदम से कोई पहचान नहीं सकता देखने में असली लगते है पर नए नोट इस समय बाजार में चलाए जा रहे हैं।इनकी पहचान करना भी व्यापारियों के लिए कठिन काम है इसका पता तो मशीन में लगाने पर चलता है जब नोट बैंक में जमा करने के लिए जाते हैं तो वहां से मशीन में चेक करने के बाद बताया जाता है कि यह नोट नकली है इसी तरह का एक ओर मामला सामने आया सयंयक एजेंसी के संचालक राकेश जैन थोक के व्यापारी हैं इन्हें बाजार में कलेक्शन के दौरान किसी छोटे व्यापारी ने नकली नोट थमा दिया इसका पता इन्हें जब चला जब यहां यूनियन बैंक में 500 नोटों की तीन गाड़ियां लेकर जमा करने पहुंचे तो वहां से उन्हें एक नकली नोट निकाल कर बैंक के केशियर बातते हुए कहा कि यह नोट नकली है मशीन नकली नोट बता रहे उसके बाद बैंक कैशियर ने उस नोट को जप्त करके बैंक के रिकॉर्ड में रख लिय और कहा कि एक दिन पहले भी दो नोट नकली हमारे पास आए हैं। वह भी उनके रिकॉर्ड में लगे हुए इसी




तरह एक व्यापारी का नोट एसबीआई बैंक में भी नकली पाया गया था जिसको जप्त किए बगैर वापस देने की बात भी सामने आ रही है। अन्य बैंकों में भी इसी तरह की शिकायत है मिल रही है इसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन को अपनी तरफसे ज्यादा प्रयास करने होंगे किन लोगों के द्वारा इस तरह से नकली नोटों को बाजार में सप्लाई किया जा रहा है ।अभी यह नोट पूरी तरह से फ्रेश बताया जा रहा है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अभी-अभी ही इन नोटों को बाजार में चलने का काम किया जा रहा है।

### व्यापारी हो जाएं होशियार

इस समय त्यौहार के चलते बाजार में भारी चल-पहला देखने को मिल रही है इस वजह से व्यापारियों के पास इतना भी समय नहीं होता है कि जो पैसे ग्राहक उनको दे रहा है कि उनकी जांच पड़ताल कर सके बगैर देखे ही नोटों को अपने पास रख लेते हैं फिर दूसरे व्यापारियों को दे देते हैं उनके द्वारा जब इन नोटों को बैंक में जमा किया जाता है तो पता चलता है कि यह लोग नकली हैं। वही बड़े व्यापारी को एक बार फिर जनरल स्टोर के व्यापारी ने उन्हें इस तरह का नकली नोट देने दिया जिसको लेने से मना करते हुए वापस कर दिया वहीं जनरल स्टोर व्यापारी ने कहा कि मुझे भी कोई ग्राहक देकर गया है अपने नहीं लेते हैं तो मैं दूसरे व्यापारी को दे दूंगा इस तरह की नोटों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है इस संख्या को बढ़ाने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को भी कड़े कदम उठाने होंगे दूसरी ओर चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए भी ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चुनाव में तो इस तरह के नकली नोट बाजार में सप्लाई तो नहीं किया जा रहे हैं। इस बात का भी ध्यान प्रशासन को रखकर अपनी जांच करनी होगी।

### खुफिया तंत्र नहीं कर रहा गंभीरता से कम

सीआईडी बिभाग का खुफिया तंत्र अपने काम को गंभीरता से नहीं कर रहा है तभी तो कई बड़ चूक पहले भी हो चुकी है और इस तरह की चुकी एक बार देखने को मिला यह कहां से नकली नोट बाजार में चलाया जा रहे हैं उनकी भनक भी तंत्र को नहीं लग पा रही है। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में काम करने वाला प्रशासन का खुफिया तंत्र पूरी तरह से विफल दिखाई दे रहा है। तभी तो इस तरह के नोट चलना प्रारंभ हो गए हैं।


### इनका कहना है

कॉस्मेटिक का थोक का व्यापारी हूं बाजार में छोटे-छोटे व्यापारियों से कलेक्शन करता हूं इसके बाद उन पैसों को बैंक में जमा करने गया तो यूनियन बैंक से मुझे एक 500 का नोट नकली निकाल कर दे दिया फिर बैंक ने उसे नोट को अपने रिकॉर्ड में जप्त करके रख लिया है नोट मुझे वापस नहीं किया एक और व्यापारी के यहां से इसी तरह का नोट मुझे दिया तो मैं लेने से मना कर दिया पुलिस प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

-राकेश जैन व्यापारी

कैसे इस तरह से नोटों को बाजार में आ रहे है उनकी पहचान करने के लिए हम अपने तंत्र को और मजबूत करेंगे व्यापारियों को भी सतर्कता दिखानी होगी नकली नोट दिए जा रहे हैं उनकी हमें सूचना दें तो हम तत्काल कार्रवाई करेंगे हम पूरा प्रयास करेंगे और बैंक से भी नकली नोट के संबंध में जानकारी लेंगे।

- उमेश त्रिपाठी एसडीओपी



## सड़क ठेकेदार पर घटिया काम करने के ग्रामीणों ने लगाए आरोप, जांच करने जाएंगे अधिकारी

**सिरोंज।** बांसखेड़ी से लेकर अमीरगढ़ तक पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल ग्रामीणों के द्वारा खड़े करते हुए सड़क ठेकेदार पर घटिया मटेरियल का उपयोग करने की आरोप लगाते हुए सड़क की जांच कर कर गुणवत्तापूर्ण काम करने की मांग की है। जिसकी जानकारी लगने पर एसडीओपी अरविंद पाठक ने बताया कि जो निर्माण कार्य हो रहा है । उसमें किसी भी तरह की लापरवाही हो रही है तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे वैसे ठेकेदार के द्वारा बेस बनाने के लिए जो डस्टर डाली जा रही है उसका ही उपयोग होना है ।उसमें गिट्टी का उपयोग बैस बनाने में नहीं करना है इसी बात को लेकर ग्रामीणों की शिकायत है की गिट्टी की जगह पर ठेकेदार के द्वारा डस्ट डाली जा रही है। बेस के लिए डस्त का उपयोग करने का प्रावधान टेंडर में है उसे हिसाब से ही ठेकेदार को कम करना है। उसके विपरीत काम करेगा तो हम ठेकेदार पर भी कार्रवाई करेंगे मैं स्वयं जाकर गुणवत्ता की जांच करुंगा ।



## वार्ड न. 3 में किया कांग्रेस प्रत्याशी ने जनसंपर्क जनता ने किया स्वागत



**सिरोंज।** वार्ड नं 3 में काँग्रेस पार्टी के प्रत्याशी गगरेन्द्र रघुवंशी अपनी पत्नी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ने जनसम्पर्क किया जिसमे उन्होंने कहा अपना अमूल्य मत कांग्रेस को दीजिये कांग्रेस आपके शहर और प्रदेश का विकास करेगी श्री रघुवंशी की पत्नी ने घर-घर जाकर महिलाओं से वोट कांग्रेस को देने का निवेदन किया और वहां वार्ड वासियों ने समर्थन देने की बात कही।



## बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा



**सिरोंज।** बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार तोषमणि पंथी ने क्षेत्र के अनेक ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया और पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। तोषमणि पंथी लगातार क्षेत्र में जाकर सघन जनसंपर्क कर रहे हैं और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। श्री पंथी भाजपा का दामन छोड़ बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं उन्होंने भाजपा में करीब 20 साल एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया था लेकिन पार्टी ने उनकी उपेक्षा की जिससे नाराज होकर पंथी ने भाजपा छोड़कर बहुजन समाज पार्टी से चुनावी मैदान में है।



## ऑल इंडिया काजी बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त हुए गाजी वली अहमद, जमीयत उलेमा ए हिंद ने किया स्वागत

**सिरोज।** ऑल इंडिया काजी बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष गाजी वली अहमद चिश्ती के बनने पर जमीयत उलेमा ए हिंद ने स्वागत कार्यक्रम का आयोजन फखरुद्दीन साहब के पहाड़ पर आयोजित किया गया। जिसमें अली अहमद, एडवोकेट शोएब खांन, हाफिज शफीक, अजहर खान के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें गाजी वली अहमद का साफा बाधकर एवं हार पहनाकर स्वागत किया गया। जिसमें वली मंजिल के उस्ताद एवं शहर के सहाफी लोग शामिल रहे।

**मेट्रो एंकर** दलों को नुकसान का डार

# पहले दिन एक भी नामांकन पत्र नहीं हुआ वापस, नाम वापस करवाने के लिए प्रयास तेज

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

नाम निर्देश पत्र वापस करने का काम पहले दिन किसी भी उम्मीदवार के द्वारा नहीं किया गया है वहीं आज दोपहर 3:00 बजे तक ही नाम वापस लिए जा सके उसके बाद किसी का नामांकन वापस नहीं होगा इसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी प्रदान कर दिए जाएंगे दूसरी ओर जिन उम्मीदवारों से जिस पार्टी के दावेदार को नुकसान होने का डर है उसके द्वारा अपने पक्ष में उम्मीदवारों को अपने नामांकन वापस करवाने के लिए मनाने का काम भी तेज गति से किया जा रहा है समर्थक भी इस काम में जुटे हुए अब देखना है की कितनी उम्मीदवार अपने नाम निर्देश पत्र वापस लेंगे वैसे अभी 15 उम्मीदवार मैदान में चुनाव के लिए डटे हुए हैं।

कांग्रेस से ज्यादा भाजपा को नुकसान - इस बार विधानसभा में चुनाव कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी किसी के पक्ष में भी कोई खुलकर नहीं बोल रहा है कौन जीत सकता है कौन हार सकता है। इस बात का अंदाजा भी कोई नहीं लग पा रहा है, मतदाता भी मौन हो गए हैं । जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आएगी वैसे-वैसे चुनाव भी जोर पकड़ेगा। विधानसभा चुनाव में वैसे तो भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच में ही मुख्य मुकाबला होगा पर इनका गणित बिगड़ने के लिए कई दावेदार खड़े हुए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान भारतीय जनता पार्टी को होते हुए दिखाई दे रहा है। क्योंकि भाजपा से बागी होकर बहुजन समाज पार्टी से हाथी का दामन धाम चुके तोषमणी पंथी के द्वारा भाजपा को नुकसान पहुंचाने का काम किया जा सकता है। यहां लंबे समय से यह भारतीय जनता



पार्टी के लिए काम करते और उनकी पत्नी भी पार्षद बनी इस वजह से नुकसान हो सकता है। इसलिए भाजपा उम्मीदार उमाकांत शर्मा द्वारा सार्थक कोशिश की जा रही है की भाजपा से बागी उम्मीदवारों का फार्म वापिस करवाया जावे। साथ ही कई उम्मीदवारों भी चुनावी समर में अपनी दावेदारी ठोक चुके हैं । ज्यादातर नुकसान भाजपा को होता है दूसरी ओर कुछ ऐसे दावेदार भी हैं जिनके खड़े रहने से कांग्रेस को भी क्षति हो सकती है। इसलिए दोनों दलो के उम्मीदवार और उनके समर्थकों के द्वारा वोट काटने वाले उम्मीदवारों के नामांकन वापस करवाने के लिए अपने-अपने स्तर से प्रयास किया जा रहे हैं। दूसरी ओर इस तरह की चर्चा भी है कि कुछ दावेदारों को इन्हीं के द्वारा मैदान में उतारावाया गया है।

## पूर्व प्राचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई, किया सम्मान




**सिरोंज।** आज सीएम राइज विद्यालय सिरोंज में पूर्व प्राचार्य मोहम्मद शफीक खांन एवं उच्च श्रेणी शिक्षक महेश सक्सेना की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तथा चंद्र प्रकाश साहू को प्रमोशन पर विदाई दी गई जिसमें समस्त स्टाफने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया इस अवसर पर प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, बीईओ उमेश कुमार सोनी सहित अनेक वक्ताओं ने सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम का संचालन इकबाल कुरैशी ने किया एवं आभार संजीव कुमार माथुर द्वारा किया गया।



# 2023 वर्ल्ड कप रोमांचक दौर में, भारत-श्रीलंका मुकाबला आज



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

बुधवार को पुणे में खेले गए एक बड़े मुकाबले का एकतरफा अंत ने वर्ल्ड के सेमीफाइनल के गणित रोमांचक बना दिये हैं।वर्ल्ड कप में धमाकेदार शुरुआत करने वाली न्यूजीलैंड टीम की लगातार दो हार ने एशिया मूल की दो टीमें पाकिस्तान व अफगानिस्तान को फिलहाल सेमीफाइनल की रेस में शामिल कर दिया है।अगर न्यूज़ीलैंड टीम कल का मुकाबला जीत जाती तो फिर इ टीमों की मुश्किलें बढ़ जाती।सच तो यह है कि न्यूजीलैंड टीम की लगातार दो मैचों की हार में टॉस जीतकर गेंदबाजी करना उसके लिए आत्मघाती साबित हुआ, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया व अफ्रीकी टीम ने 350 से अधिक रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया जिसके दवाब में कीवी टीम ढेर हो गयी।जबकि दोनो ही टीमें वर्ल्ड कप में चेस करने में कमजोर रही हैं।मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया वर्ल्ड कप में आज अपना सातवां मैच खेलने उतरेगी।यहाँ उसके सामने हाल ही में हुए एशिया कप फायनल में 60 रनों पर ढेर हो चुकी श्रीलंका की चुनौती होगी। वैसे इसी स्टेडियम में 12 साल पहले 2011 में टीम इंडिया ने श्रीलंका को हराकर विश्व कप भी जीता था।रोहित ब्रिगेड का 2023 वर्ल्ड कप में अब तक का सफर दमदार रहा है।शानदार बल्लेबाजी व धमाकेदार बल्लेबाजी की दम पर उसने अपने सभी छह मैच जीते हैं।टॉस की जीत हो या फिर हार,पहले गेंदबाजी करने का मौका मिला या करी हो पहले बल्लेबाजी लेकिन मैच के रिजल्ट में कोई फर्क नहीं पड़ा।टीम इंडिया जीत के इसी क्रम को आगे बढ़ाने के लिए आज मैदान में उतरेगी।वहीं श्रीलंका के लिहाज से यह मैच करो या मरो वाला कहा जा सकता है।भले ही टीम इंडिया की ताकत व आत्मविश्वास इस मैच में बेहद मजबूत है,लेकिन वर्ल्ड कप में किसी भी मैच को हल्के में लेने की चूक नही करेगी।अंतिम एकादश में हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी को गेंदबाज शमी ने काफी हद तक महसूस नहीं होने दिया वहीं बल्लेबाजी में सूर्यकुमार ने भी टीम के संयोजन को मजबूत किया है,लेकिन यह देखना दिलचस्प रहेगा कि टीम इंडिया का 5 गेंदबाजों वाला फार्मूला कब तक कारगर साबित होता है।श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मुकाबले में टीम इंडिया श्रेयश अय्यर को एक ओर मौका देती है या फिर लेफ्ट राइट कॉम्बिनेशन बनाने के लिए ईशान किशन को आजमाती है यह देखना भी रोचक रहेगा।खैर टीम इंडिया की एकादश का संयोजन जो भी हो लेकिन इस बात में कोई शक नही कि अब 2023 वर्ल्ड कप के सबसे रोमांचक दौर में पहुंच गया है,और इस दौर के सभी मैच किसी न किसी टीम का वर्ल्ड कप का सफर खत्म करने वाले होंगे।

### 7 में से 6 मैच जीतकर 12 पॉइंट्स हासिल कर लिए हैं साउथ अफ्रीका ने

# साउथ अफ्रीका टेबल टॉपर, न्यूजीलैंड की हार से पाकिस्तान की उम्मीदें बढ़ी



**पुणे, एजेंसी**

पुणे के साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच वर्ल्ड कप का मैच खेला गया। एक लंबे इंतजार के बाद साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 24 साल बाद वर्ल्ड कप में हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने लगातार चौथी बार 350+ स्कोर बनाया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 169 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका अब पॉइंट्स टेबल में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गई है। जो पहले टीम इंडिया की थी। साउथ अफ्रीका ने 7 में से 6 मैच जीतकर 12 पॉइंट्स हासिल कर लिए हैं। टीम को अभी 2 मुकाबले खेलने हैं। टीम इंडिया टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। 6 में से 6 मैच जीतकर इंडिया के भी 12 पॉइंट्स हैं, लेकिन नेट रन रेट ज्यादा होने की वजह से साउथ अफ्रीका टॉप पर है। भारत के 3 मैच बाकी है। ऑस्ट्रेलिया तीसरी पोजिशन पर है। ऑस्ट्रेलिया ने 6 में से 4 मैच जीते हैं। उसके 8 पॉइंट्स हैं। ऑस्ट्रेलिया को अभी 3 मैच और खेलने हैं। न्यूजीलैंड तीसरे नंबर से चौथे पर आ गई है। उसके भी 8 पॉइंट्स हैं। लेकिन नेट रन रेट ऑस्ट्रेलिया से कमजोर है। न्यूजीलैंड ने 7 में से 4 मैच जीते हैं। उसे 2 और मैच खेलने हैं।

## आज श्रीलंका को जीत जरुरी

वनडे वर्ल्ड कप के 33वें मैच में आज दो बार की वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम का सामना श्रीलंका से होगा। मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा। टॉस मैच से आधे घंटे पहले यानी 1:30 बजे होगा। ये वही टीम है जिसे 2011 में इसी मैदान पर हराकर भारत 28 साल बाद दूसरी बार हृष्ढ्ढ वर्ल्ड कप जीता था। एक बार फिर दोनों टीमें 12 साल बाद इस मैदान पर आमने-सामने होंगी। मेजबान भारत शुरुआती 6 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। आज श्रीलंका को हराकर टीम इंडिया सेमीफाइनल में क्वालिफाई करने के साथ फिर टेबल टॉपर बन सकती है। वहीं श्रीलंका 6 मैचों में 2 जीत और 4 हार के साथ 4 अंक लेकर पॉइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर है। एक और हार से श्रीलंका के सेमीफाइनल की रेस में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो जाएंगी।

## रोहित के टॉप रन स्कोरर

वनडे वर्ल्ड कप 2023 में रोहित शर्मा भारत के टॉप रन स्कोरर हैं, उन्होंने टूर्नामेंट के 6 मैचों में 398 रन बनाए हैं। उनके बाद विराट कोहली ही भारत से 300 से ज्यादा रन बना सके हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 14 विकेट लिए हैं।

**श्रीलंका का प्लेयर टॉप-5 में नहीं:** टूर्नामेंट में श्रीलंका का कोई भी प्लेयर टॉप-5 परफॉर्मर में नहीं है। टीम के लिए सदीरा समरविक्रमा ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक और एक अर्धशतक है। गेंदबाजों में दिलशान मदुशंका के नाम 13 विकेट हैं, जो टीम के लिए टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा है। वहीं वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ श्रीलंका का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। दोनों टीमें अब तक 9 बार भिड़ीं, 4 में भारत और 4 में श्रीलंका को जीत मिली।

## दोनों टीमों के बीच ही हुआ था मैच

साल 2011 का भारत और श्रीलंका के बीच हुआ वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मैच शायद ही कोई भारतीय फैंस भूल सकता है। इस मैच में श्रीलंका टीम टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए छह विकेट खोकर 274 रन बनाई। महिला जयवर्धने इस मैच में नॉट आउट 103 रन की पारी खेली। वहीं जवाब में भारतीय टीम चार विकेट खोकर 49वें ओवर में यह मुकाबला जीत ली। कप्तान एमएस धोनी ने गेंदबाज नुवान कुलशेखरा की बाल पर विनिंग सिक्स लगाया। मैच में गौतम गंभीर ने 97 और धोनी ने नाबाद 91 रन बनाए थे। एक मैच नो रिजल्ट रहा है। भारत और श्रीलंका के बीच आखिरी वनडे 17 सितंबर 2023 को खेला गया था। वो एशिया कप का फाइनल मैच था। जिसमें भारत 10 विकेट से जीता था।

## टेबल टॉपर बनने का मौका, 7वीं जीत पर नजर



टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ नहीं खेलेंगे। हालांकि अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि हार्दिक कितने मैचों के लिए बाहर रहेंगे। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली है। यहां पर बल्लेबाजों को काफी मदद मिलती है। अच्छा उछाल होने की वजह से गेंद सही तरीके से बैट पर आती है। स्टेडियम में टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। इंग्लैंड-साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश-साउथ अफ्रीका मैच इस मैदान पर खेला गया था। इस मैदान पर अब तक 25 वनडे मुकाबले हुए हैं। जिसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 13 और बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने 12 मैच जीते हैं।

# रोहित वनडे रैंकिंग में टॉप-फाइव में आए, गिल अब बाबर आजम से 2 पॉइंट्स पीछे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टीम इंडिया के बैटर रोहित शर्मा आईसीसी की ताजा रैंकिंग में टॉप-5 में पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम टॉप पर बरकरार हैं, पर उनके और शुभमन गिल के बीच अब केवल 2 पॉइंट्स का ही फासला रह गया है। जबकि विराट कोहली 7वें स्थान पर खिसक गए हैं। गेंदबाजों की बात करें तो पाकिस्तानी गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी लंबी छलांग लगाते हुए 10 से सीधे टॉप पर पहुंच गए हैं। रोहित शर्मा को डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ बनाए 87 रन की पारी का फायदा मिला है। रोहित पिछले हफ्ते छठे स्थान से खिसक कर 8वें स्थान पर पहुंच गए थे। अब ताजा रैंकिंग में भारतीय ओपनर रोहित शर्मा 743 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। उन्हें तीन स्थान का फायदा हुआ है।

भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ताजा रैंकिंग में भी बाबर के बाद दूसरे स्थान पर हैं, लेकिन बाबर और उनके बीच पिछले हफ्ते 25 अक्टूबर को जारी रैंकिंग में 5 अंकों का गैप था, जो इस बार केवल 2 अंकों का रह गया है। बाबर के 818 अंक है, जबकि शुभमन गिल के 816 अंक है। वहीं पिछले हफ्ते जारी रैंकिंग में बाबर आजम 829 अंकों के साथ टॉप पर थे। क्विंटन डी कॉक 765 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम हैं। जबकि डेविड वॉर्नर 761 अंकों के साथ पांचवे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पिछले हफ्ते जारी रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज हेनरिक क्लासन 2 स्थान खिसक कर चौथे से छठे स्थान पर चले गए हैं।



## मेट्रो बाजार

# कंपनी के नेट प्रॉफिट में तिमाही आधार पर 16.8 फीसदी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

भारत की दिग्गज टेलीकॉम ऑपरेटर कंपनी भारती एयरटेल ने मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही यानी सितंबर तिमाही के रिजल्ट्स जारी किए हैं। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग को दी जानकारी में बताया कि उसके नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर 37.5 फीसदी की गिरावट हुई है। कंपनी ने जानकारी दी कि उसका नेट प्रॉफिट घटकर 1,341 करोड़ रुपए हो गया है। जबकि पिछले साल की समान तिमाही में उसने 2145 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। वहीं, पिछली तिमाही में 1613 करोड़ रुपए पर था। कंपनी के नेट प्रॉफिट में तिमाही आधार पर यह गिरावट करीब 16.8 फीसदी की है। भारती एयरटेल का रेवेन्यू बढ़ा वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में एयरटेल का रेवेन्यू 7.3 फीसदी बढ़कर 37,043.8 करोड़ रुपए हो गया है। कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 34,526.8 करोड़ रुपए का रेवेन्यू प्राप्त किया था। भारती एयरटेल के मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल विट्ठल ने कहा, यह सॉलिड रेवेन्यू ग्रोथ और बेहतर मार्जिन की एक और तिमाही रही है। हमारे इंडिया रेवेन्यू में तेजी जारी है। हमारे पोस्टपेड और घरेलू बिजनेस ने अपने मजबूती ग्रोथ जारी रखी, क्योंकि हमने किसी भी एक तिमाही में इन दोनों सेंगमेंट में अब तक का सबसे अच्छी ग्रोथ दर्ज की है। शेयरों में 1.26 फीसदी गिरावट दर्ज की गई।





टेलीकॉम कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। कंपनी ने शेयर BSE पर 1.26 फीसदी की गिरावट के साथ 914.20 रुपए पर बंद हुए। वहीं, कंपनी के शेयरों में 7.05 अंकों की गिरावट आई। NSE पर एयरटेल के शेयर 1.30 फीसदी गिरकर 536.35 रुपए पर बंद हुए।

# लो बजट सेगमेंट में टेक्नो पॉप 8 स्मार्टफोन अनवील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेक कंपनी टेक्नो ने भारतीय बाजार में अपना नया लो बजट सेगमेंट में स्मार्टफोन अनवील किया है। स्मार्टफोन कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट लिस्ट कर दिया गया है। हालांकि, कंपनी ने अभी इसकी कीमत अनाउंस नहीं की हैं, लेकिन उम्मीद है कि टेक्नो पॉप 8 के प्राइस 6,999 रुपए से शुरू हो सकता है। टेक्नो पॉप 8 वेबसाइट पर तीन मैमोरी वैरिएंट्स में लिस्ट हुआ है। इनमें 3 जीबी रैम + 64 जीबी मेमोरी, 4 जीबी रैम + 64 जीबी मेमोरी और 4 जीबी रैम + 128त्नक्चमेमोरी शामिल है। स्मार्टफोन मिस्ट्री वाइट, एल्पेंग्लो गोल्ड, मैजिक स्किन और ग्रेविटी ब्लैक कलर में अवेलेबल है। टेक्नो पॉप 8 स्मार्टफोन में 720 × 1612 पिक्सल रेज्ल्यूशन वाली 6.6 इंच की डिस्प्ले दी गई है। पंच-होल स्टाइल वाली ये स्क्रीन पैनल पर बनी है। टेक्नो पॉप 8 में परफॉर्मेंस के लिए यूनिसोक टी 606 ऑक्टकोर प्रोसेसर दिया गया है, जो 2.2 गीगाहर्ट्ज तक की क्लॉक स्पीड पर रन करता है। इस चिपसेट को खास लो बजट स्मार्टफोंस के लिए बनाया गया है। मोबाइल एंड्रॉयड 13 'गो' एडिशन पर लॉन्च किया गया है। गो एडिशन में गूगल गो ऐप्स को डाउनलोड और इंस्टाल किया जा सकता है जो कम रैम और हल्के प्रोसेसर पर भी स्मूथ रन करती हैं



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# बॉबी देओल ने शेयर की पहली फिल्म 'बरसात' की शूटिंग की यादें

बॉबी देओल ने साल 1995 में फिल्म बरसात से बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म में बॉबी को सिर्फ रोमांटिक ही नहीं बल्कि एक्शन हीरो के तौर पर भी पेश किया गया था। कई फाइट सीक्वेंस के साथ-साथ वे फिल्म में हॉर्स राइडिंग करते और टाइगर से लड़ते भी दिखे थे। एक इंटरव्यू में बॉबी ने फिल्म के उस सीक्वेंस पर बात की जिसमें वो टाइगर से लड़ते नजर आते हैं। बॉबी ने बताया कि मेकर्स ने इस सीन को इटली में साइबेरियन टाइगर के साथ शूट किया था।



बॉबी ने कहा- 'हमने इस सीन को इटली में शूट किया था। हमें पता चला था कि वहां कोई प्राइवेट जू है जहां ट्रेन्ड साइबेरियन टाइगर्स हैं। हमने उन्हीं में से एक ट्रेन्ड टाइगर के साथ यह सीन शूट किया। शूटिंग से पहले ट्रेनर ने टाइगर के नाखून काट दिए थे पर उसका मुंह नहीं सिला गया था। ऐसे में इस सीन को शूट करना काफी खतरनाक था।'

### बरसात, बॉबी और ट्विंकल दोनों की ही डेब्यू फिल्म थी

बॉबी ने आगे बताया, 'सीन के दौरान हैंडलर्स मेरी गर्दन पर मीट का एक टुकड़ा रख देते थे ताकि टाइगर मुझ पर जंप करे। इसके बाद मुझे टाइगर को सिर्फ अपने हाथों से रोकना होता था। उसके पंजे बहुत भारी होते थे और उस पर जब वो थक जाता था तो अपने पंजे मेरे कंधों पर रखकर मुझे नीचे खींचता था।' बॉबी ने कहा, 'अगर एक कुत्ता भी किसी को काट ले तो इंसान को दर्द होता है और इस सीन में मैं टाइगर के साथ फाइट कर रहा था। इस फिल्म के लिए बॉबी और उनकी को-स्टार ट्विंकल खन्ना को फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू एक्टर्स का अवॉर्ड मिला था। बॉबी की अपकमिंग फिल्म एनिमल है जो 1 दिसंबर को रिलीज होगी।

# इस माह बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्में होगी रिलीज

नवंबर के महीने में बॉलीवुड में कई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होनी हैं। इनमें से चार फिल्में द लेडी किलर, यूटी-69, आंख मिचौली और हुकुस-बुकुस तो 3 नवंबर को ही रिलीज होंगी। इसके बाद 12 नवंबर को दिवाली के मौके पर रिलीज होगी इस महीने की सबसे बड़ी फिल्म सलमान खान स्टारर 'टाइगर 3'। 17 नवंबर को रिलीज होगी 'खिचड़ी-2' और 24 नवंबर को थिएटर्स में आएगी सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की डेब्यू फिल्म 'फर्रे'।






सबसे पहले 3 नवंबर को अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर स्टारर 'द लेडी किलर' रिलीज होगी। यह एक मर्डर मिस्ट्री है जिसका ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर के प्लेबॉय और एक रहस्यमयी लड़की के इर्द-गिर्द बुनी गई है। इसमें अर्जुन और भूमि पहली बार साथ काम कर रहे हैं। यूटी-69 से शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की फिल्म में है। इसमें राज ने पॉर्नोग्राफी केस में फंसने के बाद मुंबई की आर्थर रोड जेल में जो वक्त बिताया उसका जिक्र है। फिल्म- आंख मिचौली में इस कॉमेडी फिल्म की कहानी एक एक ऐसे परिवार के इर्द-गिर्द बुनी गई है जो एक लड़की की शादी कराने के लिए कई झूठ बोलते हैं। अब मेकर्स इसे 3 नवंबर को रिलीज करने वाले हैं।





# भंसाली ने ऐश की आंखें देखकर दे दिया था रोल



ऐश ना सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपने डांस और एक्टिंग से भी इन्होंने लाखों फैन बनाए हैं। सिर्फ हिंदी नहीं, ऐश्वर्या ने तमिल, तेलुगु, बंगाली और हॉलीवुड फिल्मों में भी काफी नाम कमाया है। असल मायनों में स्टार बनाने वाली फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' थी। ये फिल्म ऐश्वर्या को किसी ऑडिशन से नहीं बल्कि इत्तफाक से हुई एक मुलाकात के जरिए मिली थी। संजय लीला भंसाली ने बताया था कि राजा हिंदुस्तानी की स्क्रीनिंग पर ऐश्वर्या ने उन्हें अप्रोच करते हुए कहा था, 'हाय मैं ऐश्वर्या हूं। मुझे आपकी फिल्म खामोशी बेहद पसंद आई। भंसाली बोले- मैंने उनकी आंखों में आग देखी। मैंने उंनसे कहा था, आपकी आंखों में एक बात है। ये इतनी पावरफुल हैं कि अगर आपको डायलॉग ना भी दिया जाए तो ये आंखें आसानी से अपनी बातें कह सकती हैं।

**शादी के बाद ऐश के करियर में काफी गिरावट देखी गई। पिछले एक से डेढ़ दशक में इनकी सिर्फ 4 फिल्में ही हिट रही हैं। अभी कोई अपकमिंग प्रोजेक्ट भी नहीं है। इसके बावजूद ऐश्वर्या का रुतबा इंडस्ट्री में कम नहीं हुआ है।**

### आमिर खान के साथ नहीं किया काम

ऐश्वर्या ने बॉलीवुड के दो खान एक्टर्स (शाहरुख, सलमान) के साथ फिल्में की हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी आमिर खान के साथ स्क्रीन शेयर नहीं की। ऐसा नहीं है कि इन्हें साथ में काम करने के ऑफर नहीं मिले। इन्हें कई ऑफर मिले, लेकिन मनमुटाव के चलते ये कभी किसी फिल्म में साथ नहीं दिखे। दरअसल, ऐश्वर्या और आमिर खान एक ऐड में साथ नजर आए थे। इसी दौरान आमिर ने ऐश्वर्या के साथ एक प्रैंक कर दिया था, जिस वजह से एक्ट्रेस उनसे बहुत गुस्सा हो गई थीं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा था कि वो उनके साथ कभी फिल्मों में काम भी नहीं करेंगी। फिर भी उन्होंने आमिर की फिल्म मेला में कैमियो किया था, जिसका स्क्रीन टाइम बेहद ही कम था। वहीं एक बार फिल्म खाकी की शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या को बुरी तरह से चोट लग गई थी।

# कंपनी के एचआर ने साफ्टवेयर से छेड़छाड़ कर साथियों के खाते में ट्रांसफर किए साढ़े 8 लाख

## एचआर पर आरोप लॉगइन पासवर्ड का गलत इस्तेमाल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वरिष्ठ प्रबंधक की शिकायत पर बागसेवनिया पुलिस ने दर्ज की धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की एफआईआर भोपाल। बागसेवनिया पुलिस ने श्रीजी इंन्फ्रास्ट्रक्चर के एचआर के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। एचआर पर आरोप है कि उसने कंपनी द्वारा दी गई लॉगइन पासवर्ड का गलत इस्तेमाल करते हुए कंपनी के साफ्टवेयर से छेड़छाड़ की और अपने साथियों के अकाउंट में साड़े आठ लाख रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया। आरोप है कि ट्रांजेक्शन होने से 13 कर्मचारियों का वेतन अपने परिचितों के खाते में जमा करा गया है। आरोपी ने ट्रांजेक्शन से पहले कर्मचारियों के अकाउंट नंबर और आईएफएससी कोड को बदला था। बाद में दौबारा साफ्टवेयर पर पुराने कर्मचारियों का अकाउंट नंबर और आईएफएससी कोड अंकित कर दिया।

पुलिस के राहुल सिंह (31) एमरॉल्ड पार्क सिटी, बागसेवनिया में रहते हैं और कंपनी में वरिष्ठ प्रबंधक है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मृत्युंजय जैना श्रीजी इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में एचआर हैं। राहुल सिंह द्वारा बागसेवनिया थाने में शिकायती आवेदन दिया गया था। आवेदन में उन्होंने बताया कि 3 सितंबर 2023 को मृत्युंजय द्वारा कंपनी के साफ्टवेयर से छेड़छाड़ की गईइथी। मृत्युंजय ने कंपनी के कर्मचारियों की सेलरी का गबन किया है। उसने कर्मचारियों के अकाउंट नंबर और आईएफएससी कोड को बदलते हुए अपने दोस्तों के अकाउंट नंबर और आईएफएससी कोड अंकित कर दिएइथे। बदले हुए अकाउंट नंबर में 8 लाख 45 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। इससे कंपनी के कर्मचारियों के अकाउंट में सैलरी नहीं पहुंची और कंपनी को नुकसान हुआ। शिकायत आवेदन की जांच के बाद बागसेवनिया पुलिस ने मृत्युंजय के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वेस्ट बंगाल का रहने वाला युवक आया था काम की तलाश में

# भानपुर क्षेत्र में चौपाटी के पास मिला युवक का शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित भानपुर में निजी अस्पताल के पास चौपाटी पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पास से मिले दस्तावेज के आधार पर उसकी शिनाख्त वेस्ट बंगाल के एक गांव में रहने वाले सख्श के रूप में कर ली गई। मृतक दो महीने पहले घर से निकला था और भोपाल और आसपास रहकर काम की तलाश कर रहा था।**



पुलिस के अनुसार तोहिद रहमान (23) वेस्ट बंगाल के एक गांव का रहने वाला था। करीब दो महीने पहले वह घर से काम की तलाश में निकला था। इन दिनों वह भोपाल में था। मंगलवार रात वह भानपुर स्थित निजी अस्पताल के पास चौपाटी की दुकान पर खड़ा था। उसने दुकानदार ने कहा कि मेरी तबीयत ठीक नहीं है। दुकानदार ने उसे कहा कि यहां आराम कर लो। सुबह शासकीय अस्पताल में इलाज करा लेना। वह रात में सोया था। सुबह दुकानदार पहुंचा तो तोहिद बेसुध मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त करते हुए परिजन से संपर्क किया गया। तोहिद की मां ने बताया कि करीब दो महीने पहले तोहिद के पिता की मृत्यु हो गई थी। तोहिद काम की तलाश में निकला था। परिवार में तोहिद की मां और बहन है और उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे भोपाल नहीं पहुंच सकते।

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश



इसी थाना क्षेत्र स्थित भानपुर रेलवे ट्रैक पर बुधवार दोपहर पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की है। मृतक के पास से मिले दस्तावेज के आधार पर उसकी शिनाख्त कर ली गई। पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास सूचना मिली थी कि भानपुर रेलवे ट्रैक पर किसी युवक की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके पास से दस्तावेज मिले थे। दस्तावेज के आधार पर उसकी पहचान रईश पिता मोहम्मद मजीद (33) निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद के रूप में कर ली गई। परिजन ने बताया कि रईश प्राइवेट काम करता था।

# रिटायर्ड कर्मचारी की कार को स्कार्पियो ने मारी टक्कर, बाप-बेटी घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा इलाके में एक रिटायर्ड कर्मचारी की कार को स्कार्पियो चालक ने टक्कर मार दी, जिसे उनकी बेटी के सिर में गंभीर चोट आई और कार में भारी नुकसान पहुंचा। पुलिस के मुताबिक कमल किशोर मालवीय (66) राजहर्ष कालोनी कोलार रोड पर रहते हैं. वह जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। मंगलवार की रात करीब सवा आठ बजे कमल किशोर अपनी कार से बावड़िया कला से घर की तरफ जा रहे थे। उनके साथ कार में बेटी भी बैठी हुई थी। वह जैसे ही बावड़िया कला चौराहा इंडस के पास पहुंचे, वैसे ही आकृति की तरफ से आ रही सफेद रंग की तेज रफ्तार स्कार्पियो के चालक ने उनकी कार में बायीं तरफ से टक्कर मार दी और भाग निकला। टक्कर लगने ने बेटी के सिर में चोट आई, जबकि कार के गेट को भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस आरोपी कार और चालक की तलाश कर रही है।




### अज्ञात ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

छोला मंदिर इलाके में अज्ञात आटो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक शानू खान (24) ग्राम मालीखेड़ी विदिशा रोड पर रहता है और खेतीबाड़ी का काम करता है। बीती 29 अक्टूबर की रात वह अशोका गार्डन जाने के लिए घर से निकला था। रात करीब सवा नौ बजे शानू सीमेंट गोदाम रेलवे पटरी के पास पहुंचा, तभी अज्ञात आटो चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया था, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। बाद में परिजनों ने उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को होश में आने के बाद पुलिस ने शानू के बयान लेकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है।

### पीछे से आ रही कार ने आगे वाली कार को मारी टक्कर

शाहपुरा थानांतर्गत कृष्णा अस्पताल चौराहे के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में चालक को चोट नहीं आई, लेकिन कार को भारी नुकसान पहुंचा। पुलिस के मुताबिक साकिब खान (30) बाग दिलकुशा ऐशबाग में रहता है और प्रायवेट ड्रायवरी करता है। मंगलवार शाम करीब सवा छह बजे वह अपने मालिक की कार लेकर शाहपुरा से मालवीय नगर जा रहा था। कृष्णा हास्पिटल चौराहे के पास पहुंचा, तभी पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने उसकी कार में दाहिन तरफ से टक्कर मार दी, जिससे कार का अगला गेट और नीचे का रनिंग बोर्ड क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पुताई करते समय तबीयत बिगड़ी अस्पताल में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी में बुधवार शाम पुताई कर रहा मजदूर अचानक बेसुध हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे। अस्पताल में परिजन ने बताया कि मृतक को अस्थमा की बीमारी थी। अनुमान है कि उसे अस्थमा अटैक आया है। पुलिस का कहना है कि शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस के अनुसार मोहम्मद सादिक पिता इजराइल (34) गांधी नगर में रहता था और पुताई का काम करता था। बुधवार को वह रातीबड़ स्थित बरखेड़ी में पुताई करने के गया था। शाम को पुताई करते समय वह बेसुध हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

## कोचिंग से बाहर निकली युवती के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



अशोका गार्डन पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय युवती प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। आरोपी अखिल बाथम उसके चाचा का दोस्त है, इसलिए घर आना-जाना है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह कोचिंग गई थी। शाम करीब साढ़े चार बजे घर जाने के लिए बाहर निकली तो उसे अखिल मिल गया। उसने बुरी नीयत से युवती का हाथ पकड़ लिया और जबरन बाइक पर बिठाने का प्रयास करने लगा। युवती के शोर मचाने पर आसपास को लोग पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग निकला। उसकी युवती सीधे थाने पहुंची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## कोहेफिजा में एम्बुलेंस की टक्कर से ट्रैफिक सिग्नल टूटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा थानांतर्गत अहमदाबाद पैलेस तिराहे पर लगे एक ट्रैफिक सिग्नल को एम्बुलेंस ने तोड़ दिया। इससे कंपनी को करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस के मुताबिक शिवराज पटेल (34) ग्राम नाथूबरखेड़ा थाना रातीबड़ में रहते हैं और टीआईएसपीएल कंपनी में ट्रैफिक इंजीनियर की पोस्ट पर काम करते हैं। शिवराज ने पुलिस को बताया कि मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अहमदाबाद पैलेस तिराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नल पोल में एम्बुलेंस के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैफिक सिग्नल उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने एम्बुलेंस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि टक्कर मारने वाली प्रायवेट एम्बुलेंस में हादसे के समय कोई मरीज नहीं था।

**मेट्रो एंकर** | **चैकिंग के दौरान सीआईएसएफ के जवान ने पकड़ा**

# भेल कारखाने से उपकरण चुराने के प्रयास में 3 कर्मचारी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुराड़थाना क्षेत्र स्थित भेल कारखाने से ड्रील की बीट का कार्टून चुराते समय एक कर्मचारी को सीआईएसएफ के जवान ने दबोच लिया। आरोपी से पूछताछ की गई तो पता चला कि उसने पूरी वारदात में अपने दो साथियों को भी शामिल करते हुए उन्हें क्रमशः दो हजार और छह हजार रुपए देने की बात कही थी और आरोपियों की मदद से ही ड्रील बीट गेत तक पहुंची। गेट पर सीआईएसएफ के जवान ने कर्मचारियों को चैकिंग की तो बीट का कार्टून मिला। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।




पुलिस के अनुसार आरक्षक लवकुश सीआईएसएफ में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार शाम को भेल गेट पर रोज की तरह चैकिंग चल रही थी। अंदर से आने वाले वाहनों और कर्मचारियों को चैक किया जा रहा था। इस दौरान कार ड्राइवर भैया उर्फ राहुल की गाड़ी चैक की गई। चैक करने पर गाड़ी में ग्रील की बीट का कार्टून मिला।

कार्टून के बारे में पूछताछ करते पर भैया ने बताया कि उक्त कार्टून उसे बी गणेश ने दिया है। बी गणेश से पूछताछ करने पर पता चला कि उसने की कार्टून चोरी किया था और गेट से बाहर पहुंचाने के एवज में ठेका श्रमिक दीपक और ड्राइवर भैया उर्फ राहुल को क्रमशः छह हजार और दो हजार रुपए देने की बात कही थी। पैसों के लालच में आकर दीपक और भैया ने गणेश का साथ दिया।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुर भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022